

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,गुरुवार 6 अप्रैल 2023 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष -15 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-008 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 7 अप्रैल 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## हताश कांग्रेस कह रही है, मोदी तेरी कब्र खुदेगी

### पार्टी को भगवान हनुमान से मिलती है लड़ने की प्रेरणा : मोदी

**नई दिल्ली,6 अप्रैल।** आज भारत हनुमान की शक्ति की तरह ही अपनी क्षमता का एहसास कर रहा है. भाजपा को भ्रष्टाचार से लड़ने की प्रेरणा भगवान हनुमान से मिलती है. अगर हम भगवान हनुमान के पूरे जीवन को देखें, तो उनके पास एक 'कर सकते हैं' रवैया था, जिसने उन्हें सभी प्रकार की सफलता लाने में मदद की. पीएम नरेंद्र मोदी ने भाजपा के 44वें स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा भारत के लिए दिन-रात काम कर रही है, और हमारी पार्टी 'मां भारती', संविधान और राष्ट्र को समर्पित है. हमारी पार्टी और हमारे पार्टी कार्यकर्ता लगातार हनुमान जी के मूल्यों और शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हैं. महासागर जैसी बड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत पहले से कहीं ज्यादा मजबूत होकर उभरा है. हनुमान जयंती पर, मैं सभी के लिए उनके आशीर्वाद की प्रार्थना करता हूं. प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने (विपक्ष) कभी नहीं सोचा था कि अनुच्छेद 370 एक दिन इतिहास बन जाएगा. भाजपा जो काम कर रही है, उसे पचा नहीं पा रहे हैं. आज वे इतने हताश हो गए हैं कि खुले आम कहने लगे हैं 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी'.



इसके पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा एक राजनीतिक दल है, लेकिन वह आज पूरे देश के कल्याण के लिए काम कर रही है. पीएम मोदी के नेतृत्व में पार्टी ने अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं. पीएम मोदी के नेतृत्व में हमें 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की प्रेरणा मिली. जब लक्ष्मण जी पर संकट आया तब हनुमान जी पूरा पर्वत ही उठाकर ले आए। भाजपा भी इसी प्रेरणा से परिणाम लाने में लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करती रही है, करते रहना है, करते रहेंगे

## भ्रष्टाचारियों को हनुमानजी देंगे सजा : भूपेश बघेल

**रायपुर,6 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नान घोटाले में ईडी की जांच पूरी होने वाले बयान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसा. उन्होंने कहा कि ईडी के आला अधिकारी सही जानकारी ठाकुर साहब को नहीं दे रहे. ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में जानकारी दी है कि जाँच अभी जारी है. जाँच पूरी होने की बात हास्यास्पद है. 2015 से ही हम सवाल उठाते रहे हैं कि सीएम सर और सीएम मैडम क़ौन है?

जशपुर के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मीडिया से चर्चा में लोगों को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं दी. इस दौरान उन्होंने 2023 में दोहरी ज़िम्मेदारी मिलने के डॉ रमन सिंह के बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि क्या डॉ रमन सिंह को जिम्मेदारी मिल गई है.भाजपा के स्थापना दिवस पर पीएम मोदी के भाषण में 'हनुमान जी दुष्टों का नाश करते थे, वैसे भाजपा भ्रष्टाचारियों का नाश करती है' पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हनुमान जी तो सबके हैं. ज्ञान, शक्ति और भक्ति के भंडार हैं. उनके बराबर कोई नहीं अन्याय करने वाले को सजा वो देते हैं. जो बीजेपी में जाता वो भ्रष्टाचार मुक्त हो जाता, उन्हें हनुमान जी सजा देंगे.



भाजपा विधायकों के प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि भाजपा विधायक दल ने पीएम से समय माँगा था मेरी शुभकामनाएँ हैं. मुलाक़ात जल्दी हो. एलओपी से यही कहूँगा जीएसटी का पैसा, कोयला रॉयल्टी, धान का संग्रहण हमसे चावल ले, रेलवे सही से चले, नगरनार स्टील प्लांट, आरक्षण समेत तमाम मुद्दों पर हमे सहयोग कर माँग करे. मुख्यमंत्री ने कहा कि एक विज्ञापन पीएम के नाम से छपा है. अभी तक पूरे राष्ट्र के नाम से आता था, अब सिर्फ़ एक राष्ट्र के नाम से आया है, छत्तीसगढ़ में कितने शौचालय बने, कितने उज्वल्ला बंटे. सिर्फ़ राज्य के लिए विज्ञापन पहली बार आया है. आपके सर्वे में भी यही सब मुद्दे हैं. आर्थिक सर्वेक्षण भारत सरकार करती तो हमें भी डाटा मिलता. हम और सुधार करते. रमन की दोहरी चुनौती को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनको जिम्मेदारी मिली है क्या जो वो चिंता व्यक्त कर रहे है? बृहस्पति सिंह को बोलूँगा किसानों को बुलाए और बैठकर बात करे.

## खड़े ट्रक से टकराई बाइक, दो की मौत

**कवर्धा,6 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है. जहां एक तेज रफ्तार बाइक खड़े ट्रक से जा भिड़ी. हादसा इतना भयानक था कि मौके पर ही 2 युवकों की मौत हो गई. वहीं घटना में 1 गंभीर रूप से घायल हुआ है. घायल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है. घटना कवर्धा के दसरंगपुर चौकी इलाके की बतायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक खड़ी ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार बाइक घुस गयी। हादसे के वक्त बाइक में तीन युवक सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर दो युवको की मौत हो गयी। वहीं 1 गंभीर रूप से घायल है। घायल युवक का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। दसरंगपुर चौकी से महज 200 मीटर दूर सामने की घटना बतायी जा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक बेमेतरा से कवर्धा की ओर प्लेटिना बाइक में सवार होकर तीनों युवक आ रहे थे। मृतक युवक का नाम 01.कमलेश टंडन पिता भारत उम्र 26 साल हीरापुर,02.संतोष सोनकर पिता मनसिह उम्र 30 साल कुम्ही दोनो जिला बेमेतरा के रहने वाले हैं। वहीं तीसरा युवक अरविंद मुलमला निवासी बेमेतरा का रहने वाला है। दशरंगपुर पुलिस चौकी क्षेत्र की घटना के बाद जांच में जुटी है।

## ट्रक की चपेट में आने से दो की मौत

### गुस्साए लोगों ने किया नेशनल हाईवे जाम

**सारंगढ़,6 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में स्थित चंद्रपुर नेशनल हाईवे में गुरुवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां ट्रक के पहिए के नीचे दबकर 2 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। मामला चंद्रपुर थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि, इस सड़क हादसे में जान गवाने वाले दोनों युवक चंद्रपुर के गोपालपुर और मिरौनी गांव के निवासी हैं। वहीं हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने नेशनल हाईवे में चक्काजाम कर दिया है।



## कांग्रेस सत्ता के नशे में चूरः रमन

**रायपुर,6 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी आज अपना 44वां स्थापना दिवस मना रही है. भाजपा आज दुनिया की बड़ी पार्टी होने की उपलब्धि हासिल कर चुकी है. भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी. छत्तीसगढ़ में भी स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यक्रम आयोजित कर रही है. भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे में पूर्व सीएम व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ध्वजारोहण किया. ध्वजारोहण का यह कार्यक्रम अगले एक हफ्ते तक बूथ स्तर पर आयोजित किए जाएंगे. इस दौरान डॉ. रमन सिंह ने कई सारे मुद्दों पर बयान दिया. बृहस्पति सिंह मामले पर कहा कि कांग्रेस का स्वभाव दिखाता है कि कांग्रेस के अंदर अहम कितना भरा हुआ है. कांग्रेस सत्ता के नशे में चूर हो चुकी है. आज सार्वजनिक रूप से अधिकारियों की पिटाई होने लगी है. हर जिले और तहसील का यही हाल है. कांग्रेस कार्यकर्ताओं को काफी छूट दे दी गई है. राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पार्टी की 8 अप्रैल को होने वाली कोर ग्रुप की बैठक पर कहा कि भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में विचार विमर्श होगी. इस बैठक में चुनाव को लेकर चर्चा होने की उम्मीद है. बूथ सशक्तिकरण को लेकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आखरी बूथ तक एक-एक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने में हम लगे हुए हैं.

## मोदी सरकार लोकतंत्र के तहत चलती नहीं हैं : खड़गे

**नई दिल्ली,6 अप्रैल।** देश में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच वार-पलटवार का दौर जारी है। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण समाप्त हो रहा है लेकिन इस दौरान दोनों सदनों में काम-काज नहीं हो सका है। दोनों सदनों में विभिन्न मुद्दों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर हमलावर रहे। इसी कड़ी में कांग्रेस ने भाजपा पर पहलटवार किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सरकार ने इस बजट को चर्चा में नहीं लाने का पूरा प्रयास किया। मोदी सरकार लोकतंत्र की बहुत बातें कहती है लेकिन जो कहती है उसके तहत चलती नहीं हैं। उन्होंने कहा कि 50 लाख करोड़ का बजट केवल 12 मिनट में पास किया गया है। वे हमेशा कहते रहे कि विपक्ष को दिलचस्पी नहीं है लेकिन विघ्न तो सरकार की तरफ से हुआ है। दरअसल, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने इससे पहले कहा था कि कांग्रेस और उनके साथियों ने बहुत गलत तरीके से परेशान किया।



















# राहुल गांधी देश के आम आदमी की आवाज उठा रहे हैं इसलिए कार्रवाई :ईश्वर शरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 6 अप्रैल।** राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने एवं मकान खाली कराने के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कवर्धा ग्रामीण ने की प्रेस वार्ता जिसमें ईश्वर शरण वैष्णव प्रेस वार्ता प्रभारी एवं होरी राम साहू ने कहा कि राहुल गांधी की उम्मीदवारी रद्द कर दी गई है . चोर को चोर कहना हमारे देश में अपराध हो गया है चोर लुटेरे अब भी आजाद है राहुल गांधी को सजा मिली है. यह लोकतंत्र का सीधा मर्डर है सभी सरकारी तंत्र दबाव में है यह तानाशाही की शुरुआत है अब लड़ाई को उचित दिशा देनी होगी राहुल गांधी पर भाजपा मंत्रियों द्वारा हमला किया गया लोकसभा अध्यक्ष को राहुल गांधी जी ने दो लिखित अनुरोध किए की उनको संसद में जवाब देने दे इसके बाद तीसरी बार अध्यक्ष जी से भी मीटिंग की पर तीन अनुरोध के बावजूद अध्यक्ष जी ने उन्हें बोलने का अवसर देने से इनकार कर दिया इससे साफ पता चलता है कि पीएम मोदी नहीं चाहता कि अडानी के साथ उनके रिश्ता का पर्दाफाश हो द्य दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में आज आम आदमी की आवाज उठाना भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना गुनाह हो गया है द्य देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष चार बार के सांसद राहुल गांधी जब संसद के अंदर बात करते हैं तो उनको बोलने नहीं दिया जाता उनका माइक बंद कर दिया जाता है सत्तारूढ़ दल के संसद बहुमत के अतिवादी चरित्र का प्रदर्शन करते हुए संसद की कार्यवाही नहीं चलने देते हैं केंद्रीय मंत्री अपने पद की गरिमा को तार तार करते हुए अनर्गल बयान बाजी करते हैं और जब इन सब से भी राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी और विपक्षी की आवाज को नहीं दबा पाते तो एक और षड्यंत्र रचा जाता है द्य होरी राम साहू ने केंद्र के मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी के ऊपर यह सारी कार्यवाही क्यों की गई इसका एकमात्र कारण है राहुल गांधी ने देश के प्रधानमंत्री की दुखती रथ पर हाथ रख दिया उन्होंने मोदी के निकट सहयोगी अदानी के घोटाले बाजी और अडानी मोदी के गठबंधन पर आवाज उठाया उन्होंने तो सवाल पूछे थे - 1 क्या अडानी की सल कंपनियों में 20000 करोड़ या 3 बिलियन डॉलर है अडानी इस पैसे को खुद कमा नहीं सकता क्योंकि वह इंफ्रास्ट्रक्चर बिजनेस में है यह पैसा कहां से आया किसका काला धन है यह किसकी सेल कंपनियां है यह कंपनियां डिफेंस फील्ड में काम कर रही है कोई क्यों नहीं जानता यह किसका पैसा है इसमें एक चीनी नागरिक शामिल है कोई यह सवाल क्यों नहीं पूछ रहा है यह चीनी नागरिक कौन है द्य

2 प्रधानमंत्री मोदी जी का अडाणी से क्या रिश्ता है उन्होंने श्री अडानी के विवाद में आराम करते हुए पीएम मोदी की तस्वीरें दिखाइए उन्होंने रक्षा उद्योग के बारे में हवाई अड्डा के बारे में श्रीलंका में दिया गया बयानों के बारे में बांग्लादेश में दिया गया बयानों के बारे में ऑस्ट्रेलिया में स्टेट बैंक भारत के के चेयरमैन के साथ बैठे श्री नरेंद्र मोदी और शिवानी की तस्वीरें जिन्होंने कथित तौर पर एक बिलियन डॉलर का ऋण स्वीकृत किया था के बारे में दस्तावेज दिए यह सबूत के साथ सवालों का दूसरा सेट था मोदी सरकार ने सवाल का जवाब तो नहीं दिया उल्टे राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष श्री मलिकार्जुन खड़गे के भाषण से अदानी घोटाले के महत्वपूर्ण अंश और श्री राहुल गांधी के भाषण लगभग पूरी तरह से को सांसद के रिकॉर्ड से हटा दिया गया क्यों?

संसद के बजट सत्र के चल रह दूसरे भाग में भारत के इतिहास में पहली बार सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा संसद को बाधित कर रही थी और इससे काम नहीं करने दे रही है या अदानी को बचाने के लिए एक ध्यान भटकाने की साजिश है जबकि संयुक्त विपक्ष इस पर जेपीसी संयुक्त संसदीय समिति चाहता है द्य प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से मोहित महेश्वरी शहर अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी कवर्धा अशोक सिंह पार्षद कवर्धा राजू तिवारी जिला प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम अजहर खान वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता सत्येंद्र वर्मा महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम गोपाल चंद्रवंशी कार्यालय प्रभारी जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम पूरण नाथ योगी सचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कवर्धा ग्रामीण टिकेश्वर साहू महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा कपिल श्रीवास महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कवर्धा अभय गंधर्व मीडिया प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कवर्धा पवन चंद्रावल सुखदेव चंद्रवंशी कमलेश साहू मनहरण साहू रमेश साहू रामू चंद्रवंशी राजू साहू अनिरुद्ध साहू पंचू कोसरिया कृष्ण कुमार साहू जलेश्वर यादव विजय सत्य वंशी पंचू कोसरिया उपस्थित रहे।

## एक नजर

### भाजपा चरोदा मंडल ने मनाया स्थापना दिवस



**चरोदा, 6 अप्रैल।** चरोदा मंडल में भाजपा के स्थापना दिवस 6 अप्रैल के अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी नगर पालिका परिषद जामुल के पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद रेखराम बंछोर, उपाध्यक्ष जिला भिलाई भाजपा के द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसमें मंडल के अध्यक्ष श्रीमती सुषमा जेठानी श्रीमती प्रेमलता चंद्राकर श्रीमती धनेश्वरी साहू श्री रामखेलावन वर्मा श्री श्याम सुंदर जायसवाल मुकेश अग्रवाल बल्लू राम कुर्रे अजय साहू सुनील भूपेंद्र चंद्र आदि के साथ मंडल के कार्यकर्ता गण भी उपस्थित थे ।

### महिला सेल आफिस में विदाई और जन्मदिन समारोह का आयोजन



**कवर्धा, 6 अप्रैल।** प्रधान आरक्षक जगतु कोसले , महिला आरक्षक रेवती चारभाठा महिला आरक्षक बबली चंद्राकर थाना कुंडा के स्थानांतरण के कारण विदाई समारोह मनाया गया । जिनको विदाई पार्टी एवं हमारे यहां पदस्थ रीना शर्मा का आज बर्थडे था जिसका केक काटकर सभी समस्त स्टाफ मिलकर मनाया गया और महिला सेल प्रभारी विजया कैवर्त के द्वारा इन सभी के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की ।

### नपा क्षेत्र के तालाबों की सफाई की जा रही



**जामुल, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिका क्षेत्र जामुल में सभी निस्तारी तालाबों की सफाई कार्य तेजी से चल रहा है। जिसका निरीक्षण करने नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने किया। श्री ठाकुर ने बताया ग्रीष्म ऋतु में तालाबों की सफाई आसानी से होता है। इसलिये पानी भरने के पूर्व सफाई आवश्यक है। साथ ही सभी सफाई सुपरवाईजरों को निर्देशित किया कि सफाई कार्य को गंभीरता से लें। गौरतलब हो कि नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने मुलभुत कार्यो को अपनी प्राथमिकता में रखा है। जिससे की आम जनता की सभी सुविधा पानी बिजली सफाई आसानी से उपलब्ध हों। नपा अध्यक्ष श्री ठाकुर ने बताया कि जामुल के नौ तालाबों में नहर के माध्यम से निस्तारी तालाबों में पानी भरा जाता है। पुरैना तालाब] ढौर तालाब] शीतला तालाब] ठाकुर दैया तालाब] भुतही तालाब] नया तालाब] दर्री तालाब] कुरदाहा तालाब] नया तालाब में प्रतिवर्ष नहर का पानी भरा जाता है जिससे जामुल सुरडुंग पालिका क्षेत्र का जल स्तर ऊपर तो आता ही है नगर वासियों के साथ मावेशी को भी पानी के लिए भटकना नहीं पढता। वर्तमान में तांदुला नहर में पानी आ चूका है। जिससे तालाबों तक पानी ले जाने हेतु पालिका प्रशासन द्वारा कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता करीम खान, भाजपा नेता राजेश वर्मा सहित सुपरवाईजर महेन्द्र परगनिहा रमेश मारकण्डे बशीर खान,तुलाराम टंडन उपस्थित थें।

### रक्तदान शिविर के साथ किया गया बुजुर्गो का सम्मान

**राजनांदगांव।** तहसील साहू संघ डोंगरगढ़ क्षेत्र साहू समाज सेंदरी एवं ग्राम साहू समाज मड़ियान द्वारा तहसील व मंडल स्तरीय मां कर्मा जयंती समारोह मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं कर्मा भवन लोकार्पण किया गया।भक्त माता कर्मा के तैलचित्र के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना कर अतिथियों द्वारा किया।

जिला साहू महामंत्री नीलमणी साहू ने रक्तदान शिविर में 38 वां बार रक्तदान कर साहू समाज को एक शिक्षा दी है।इस दौरन डॉ मुकुंद मोहन साहू चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक तहसील साहू संघ डोंगरगढ़ के तत्वाधान में तहसील स्तरीय मां कर्मा जयंती के शुभ अवसर पर ग्राम मड़ियान रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे साहू समाज के साथ साथ अन्य समाज ने बढ़ चढ़ कर रक्तदान किया गया। जिसमे क्रमशः चेतनलाल साहू,लालचंद साहू,पुनीत साहू समाज की तरफ से प्रसस्ति पत्र से सम्मान किया गया।

### हनुमान जन्मोत्सव



**कवर्धा।** पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर विकासखंड पंडरिया नगर पंचायत पण्डरिया थाना पण्डरिया के पास दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित हुई और प्रदेश में खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

### पुलिस ने दुकान में गांजा बेचते हुए एक को पकड़ा

**भिलाई ।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र दुकान में अवैध रुप से गांजा बेचने वाले एक आरोपी को भिलाईनगर पुलिस ने पकड़ा है पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 2 किलो 500 ग्राम गांजा एवं बिक्री की रकम 1200 रुपए जब्त किया है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है भिलाईनगर टीआई राजेश साहू ने बताया कि सूचना मिली कि यादव चौक रुआबांधा बस्ती में रोहित कन्नौजिया के दुकान में आरोपी पारस के द्वारा अवैध लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से मादक पदार्थ गांजा बिक्री कर रहा है सूचना पर टीम मौके पर पहुंच कर आरोपी पारस मंडल उर्फ बिट्टू ( 23 वर्ष ) निवासी बजरंग चौक रुआबांधा बस्ती को घेराबंदी कर पकड़ा आरोपी के कब्जे से कुल 2 किलो 500 ग्राम मादक पदार्थ गांजा और 1200 रुपए बिक्री रकम को बरामद किया गया

## पुलिस ने बाजार के पास सटोरिए को सट्टा पट्टी लिखते हुए पकड़ा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 6 अप्रैल।** डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा अवैध रूप से चल रहे जुआ सट्टा की कार्यवाही करने के आदेश मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला श्री जगदीश उईके के मार्गदर्शन, थाना प्रभारी बोड़ला निरीक्षक व्यास नारायण चुरेंद्र के पर्यवेक्षण मे चौकी प्रभारी पोड़ी उप निरीक्षक नवरतन कश्यप के टीम द्वारा* दिनांक 05,04 ,2023 को जुर्म जरायम पतासाजी दौरान सूचना मिला की ग्राम पोंडी मे बाजार के पास आम जगह पर कुछ सटोरिया अंक गणित के अंकों से रुपए पैसा का दाव लगाकर सट्टा पट्टी लिखकर जीत हार खेला रहा है कि मौके पर जाकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर आरोपी 1. कुंवर बंजारे पिता उत्तरा उम्र 19 वर्ष रामहेपुर कला आबकारी के पास से कुल 830 रुपए एवं 2 नग सट्टा पट्टी , डांट पेन जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया आरोपी का कृत्य धारा 4 क जुआ एक्ट* का पाए जाने से धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश ध्रुवे , सैनिक रमेन्द्र चंद्रवंशी का सराहनीय योगदान रहा ।

### महिला ने खुदकुशी की

**भिलाई।** खुर्सीपार थाना अंतर्गत सुबह एक महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है खुर्सीपार टीआई वीरेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि आज सुबह बालाजी नगर खुर्सीपार निवासी सुकन्या ( 36 वर्ष ) ने अपने घर में फांसी लगा ली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची शव का पंचनामा कर मरच्युरी के लिए भेज दिया है आत्महत्या का कारण अज्ञात है ।

## बीते दिनों की याद साझा कर 8वीं के बच्चों को दी विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पाटन, 6 अप्रैल।** शा.पू.मा.शाला-महकाकला में कक्षा 8वी के बच्चों को विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। सर्वप्रथम कु.आंचल यादव के द्वारा वरिष्ठ साथियों के साथ बिताए समय, अच्छी आदतें , अनुशासन और सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहने की सीख आप लोगों से हमें मिला है उसे हम सब निरंतर बनाए रखेंगे।साथ ही साथ अपने सीनियर साथियों को पेन और ग्रीटिंग कार्ड सप्रेम भेंट कर स्वागत और सम्मान किया। तत्पश्चात कक्षा आठवीं की छात्रा कुमारी ओजस्वी वर्मा द्वारा अपने 3 साल के अनुभव और शिक्षकों के मार्गदर्शन पर प्रकाश डाला जिससे पूरा साला परिवार भाव विभोर हो गया इस दौरान शिक्षकों ने बच्चों को याद करते हुए अपने अपने अनुभव साझा किए शिक्षकों के द्वारा संस्कार अनुशासन पढ़ाई आर्थिक सामाजिक दायित्व सही राह पर चलने अच्छा भविष्य गढ़ने सदैव ही आगे बढ़ते रहने के साथ कठिन समय में नहीं टूटने सत्य मार्ग में चलने का आह्वान किया इस कार्यक्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्राथमिक शाला के सभी शिक्षक गणों के साथ विद्यार्थीगण कुमारी ओजस्वी कुमारी प्रेरणा दीप्ति आंचल यादव दीपाली रचना व संस्था प्रमुख श्रीमती गायत्री वर्मा एवं श्री तेजराम कामडिया, धर्मजीत देवांगन, राकेश टेमुनकर,श्रीमती अंजुम, खानम,श्रीमती सन्नीसैनी श्रीमती कविता वर्मा ,श्रीमती कल्पना तारम सभी उपस्थित थे।

## हास्टल में नर्स ने आत्महत्या की



**भिलाई, 6 अप्रैल।** भिलाई स्मृतिनगर चौकी अंतर्गत श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में कार्यरत एक नर्स ने फांसी लगाकर खुदकुशी करने का मामला सामने आया है सूचना मिलते ही स्मृति नगर पुलिस मौके पर पहुंची है आत्महत्या क्यों और किसलिए की इन कारणों का पता नहीं चल पाया है फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है स्मृतिनगर चौकी प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि खैरागढ़ छुईखदान गांव के पास की रहने वाली गामिनी सिंह ( 27 वर्ष) श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में नर्स के रुप में कार्यरत थी वह कॉलेज कैंपस में ही हॉस्टल में रहती थी पुलिस के अनुसार आज सुबह 7 बजे उसकी रूम पार्टनर अपनी शिफ्ट में ड्यूटी गई थी जब वह दोपहर 3 बजे वापस हॉस्टल लौटी मृतका कॉलेज कैंपस के हॉस्टल में रहती थी, खैरागढ़ की रहने वाली थी तो गामिनी ने दरवाजा नहीं खोला उसके बाद उसने बगल से देखा तो वो फंदे से लटकी हुई थी इसके बाद उसने इसकी जानकारी हॉस्पिटल व हॉस्टल प्रबंधन को दी उन्होंने तुरंत पुलिस को बुलाया पुलिस ने अंदर जाकर देखा कि गामिनी ने दुपट्टा से फंदा बनाकर रोशनदान के सहारे फांसी लगाई थी पुलिस ने शव को नीचे उतारा मृतका के शव को मरच्युरी भेज दिया है पुलिस ने मृतका के परिजनों को सूचना दे दी है। चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतका पीजी पास की थी और थोड़ा सा डिप्रेशन में रहती थी नर्स की आत्महत्या का कारण सामने नहीं आया है फिलहाल स्मृतिनगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**भिलाई ।** भिलाई-3 थाना अंतर्गत बीती रात घर से रुपए लेने एक्टिवा में निकले व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध कायम कर खोजबीन शुरु किया है भिलाई - 3 पुलिस ने बताया कि प्रेम नगर कैंप 1 निवासी के कृष्णा राव रात घर से चरोदा जाने के लिए एक्टिवा में सवार होकर निकला था चरोदा में किसी से रुपए लेकर दुर्ग जाने के लिए निकला, जैसे ही काली मंदिर चरोदा के पास पहुंचा अज्ञात कैप्सूल वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी घटना में कृष्णा की तुरंत मौत हो गई खबर लगने पर भिलाई तीन पुलिस पहुंची शव को मरचूरी भेज परिजनों को खबर दी गई मृतक के कृष्णा राव विवाहित है और उसके चार बच्चे है फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है जिसका अंतिम संस्कार किया जाएगा ।

### कांग्रेस शासन में छोटे सहकारी कर्मी हो रहे है कोपभाजन के शिकार: बजाज

**रायपुर।** अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने जिला सहकारी बैंक के कर्मचारियों को विधायक बृहस्पति सिंह द्वारा थप्पड़ मारे जाने की घटना की निंदा करते हुए कहा कि सहकारी संस्थाओं एवं समितियों के छोटे कर्मचारी कांग्रेस सरकार में लगातार कोपभाजन का शिकार हो रहें है। जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है सहकारी कर्मियों को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। गत वर्ष राजनांदगांव जिले के मोहला सहकारी समिति के प्रबंधक पवन वशिष्ठ की सरकारी प्रताड़ना के फलस्वरूप ब्रेनहेमरेज से मौत हो गई थी। प्रदेश में पिछले चार वर्षों में सहकारी क्षेत्र के कर्मियों के साथ दमन के अनेक उदाहरण है। वर्तमान घटना सरकार की इसी दमनकारी नीति का परिचायक है।

### सांसद सरोज पांडेय ने शालिनी यावद के निधन पर श्रध्दांजलि दी

**भिलाई।** राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिला पंचायत की अध्यक्ष शालिनी यादव जी के निधन पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका असामयिक निधन अत्यंत दुखद है। उनके जाने से जिले ने ही नही बल्कि प्रदेश ने भी एक लोकप्रिय और ऊर्जावान महिला नेत्री को खो दिया है। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और परिजनों को इस दुख की घड़ी को सहने के संबल प्रदान करे।

## निगम ने बेरोजगारी भत्ता के ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की



**दुर्ग, 6 अप्रैल।** नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत आज चंद्रशेखर आजाद स्कूल पंचशील नगर में छग शासन की महत्वाकांक्षी योजना बेरोजगारी भत्ता के लिए ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की गई। इसे लेकर दुर्ग शहर के युवाओं में खासा उत्साह है,योजना के तहत् शिक्षित बेरोजगार को अप्रैल माह से 2500 रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिया जायेगा। अप्रैल महीने में किसी भी दिन किए गए आवेदनों पर घोषणा अनुसार भत्ता 01 अप्रैल से ही देय होगा।आज विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के अलावा अधिकारियों के बीच में युवा ऑनलाईन सत्यापन आवेदन के प्रक्रिया के दौरान।चन्द्रशेखर स्कूल में पात्र - 18,अपात्र- 9,अनुपस्थित-7

कुल - 34 रहे।इस मौके पर विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि छग सरकार की इस योजना से बेरोजगारों के सपनों को नई उड़ान मिलेगी। विधायक ने बेरोजगारी भत्ता के लिए भरे गए ऑनलाइन आवेदनों के प्रकिया की जानकारी ली और युवाओं से चर्चा की।महापौर ने युवाओं से कहा कि आवेदन के लिए कोई समय-सीमा नहीं है। इसलिए किसी भी प्रकार की जल्दबाजी न करें। बेरोजगारी भत्ता के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी लेकर ही आवेदन करें।चंद्रशेखर स्कूल में ऑनलाइन आवेदन सत्यापन के दौरान आवेदक ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा दी जा रही बेरोजगारी भत्ता से हम जैसे गरीब परिवार के युवाओं को बहुत राहत मिलेगी। इससे हमें पढ़ाई के लिए छोटी-छोटी आवश्यकताओं में बहुत सहयोग मिलेगा। इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देता हूँ।आवेदक ने बताया कि में बेरोजगारी भत्ता के लिए आवेदन करने पहुंचा हूँ। बेरोजगारी भत्ता मिलने से जिन परिवारों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण आगे की पढ़ाई नहीं कर पाते, उन्हें बहुत राहत मिलेगी। आवेदन भरने के दौरान दूसरे आवेदक ने कहा कि राज्य सरकार की यह बहुत अच्छी पहल है। इससे बेरोजगार युवाओं को बहुत फायदा होगा।इस दौरान नोडल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, प्रभारी राजस्व उपनिरीक्षक योगेश सूरे,संदीप वोरा आदि मौजूद रहें।

## गड्ढों में बेशरम के पौध लगा प्रभारी मंत्री के नाम ज्ञापन सौंप जर्जर सड़क की याद दिलाई

**भिलाई, 6 अप्रैल।** पावर हाउस से जामुल की ओर जाने वाली नंदिनी रोड की सड़क कई महिनों से जर्जर एवं गड्ढे हालत में होने के चलते सड़क में होने वाली परेशानियों से लोगों को राहत दिलाने के लिए कल्याण सेवा जनजागृति संगठन द्वारा जर्जर सड़क में बेशर्म का पेड़ लगाकर प्रभारी मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर शासन प्रशासन को वस्तुस्थिति से आईना दिखाने का कार्य किया गया था। जिसके पश्चात प्रशासन ने समस्या गंभीरता से लेते हुए मौके स्थल पर पुलिस प्रशासन भेजकर गड्ढे सड़क से राहत दिलाने का आश्वासन दिया गया था। जिसके उपरांत नगर निगम भिलाई द्वारा 2 नवंबर को एक करोड़ की लागत से पावर हाउस चौक से तेलहा नाला नंदनी रोड तक डामरीकरण कार्य किए जाने का टेंडर जारी किया गया और 30 मार्च से डामरीकरण का कार्य प्रारंभ हुआ है । सड़क का डामरीकरण का कार्य करने से चलने में होने वाली परेशानी से राहत मिलने पर नंदनी रोड सड़क के किनारे लगे वार्ड 37,34 ,39 ,38 के वासियों ने खुशी जाहिर करते हुए नंदिनी रोड से चलने वाले राहगीरों को मिठाई खिलाने के साथ साथ सामाजिक कार्यकर्ता सुमन शील को मुंह मीठा कराते हुए उनका आभार प्रकट किया गया । सामाजिक कार्यकर्ता सुमन शील ने कार्य का श्रेय आवाज उठाने वाली जनता के अलावा मिडिया को दिया है । आभार प्रकट करने वालों में सुमित्रा मंझी, अवतार सिंह, राजु गुप्ता, मोहन रेड्डी,सविता पासवान ,जानकी देवी ,अनिता चौधरी, शांति माझी,अंजलि साहनी, प्रमिला देवी, दुखना मांझी, रीता साव, रानी, रामरति देवी, आशा चौधरी, चंदा यादव, कुसुम देवी, मनोरमा, कलावती प्रजापति, रामावती प्रजापति, बीवी सिन्हा, इंद्रासन पासवान , बबीता पासवान, उर्मिला देवी सहित स्थानीय व्यापारी भी शामिल थे ।



## एक नजर

### महापौर ने दी महावीर जयंती की बधाई

**राजनांदगांव ,4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख जैन समुदाय के लोगों एवं नागरिको को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि महावीर स्वामी अहिंसा और त्याग की मूर्ति थे, हमें उनके द्वारा बताये पॉच प्रमुख सिद्धांतों को आत्मसात करना है और उनके सिद्धांतों पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाना है। निगम अध्यक्ष श्री हरिनाराण पप्पू धकेता,निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी,नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, गणेश पवार, श्रीमती दुलारी बाई साहू, राजा तिवारी, श्रीमती बैना बाई टुरहाटे, संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, विनय झा, राजेश गुप्ता चम्पू,वरिष्ठ सभापति श्री अब्दुल समद खान,कनिष्ठ सभापति गामेन्द्र नेताम अपील समिति के सदस्यों श्रीमती शकीला बेगम, श्रीमती मधु बैद, श्री ऋषि शास्त्री,जिला योजना समिति के सदस्य श्री सिद्धार्थ डोंगरे व श्री अमीन हुड्डा एवं पार्षदों व नामांकित पार्षदों ने नागरिकों को महावीर जंयती की बधाई देते हुये, महावीर स्वामी के बताये मार्गो पर चलकर उमंग एवं उल्लास के साथ जयंती मनाने की अपील की है।

### संपत्तिकर का भुगतान कर छूट का लाभ लें:आयुक्त

**राजनांदगांव ,4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** नगर निगम आयुक्त डॉ. अशुतोष चतुर्वेदी ने नागरिकों से वित्तीय वर्ष 2023-24 में सम्पत्तिकर का अग्रिम भुगतान कर छुट का लाभ लेने की अपील की है। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि छ.ग.नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 137(1) के अधीन नियत तारीख के पूर्व चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में सम्पत्तिकर का एकमुश्त भुगतान करने पर छुट का लाभ दिया जावेगा। उन्होने बताया कि 1 अप्रैल 2023 से 31 जुलाई 2023 तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत की छुट दी जावेगी। इसी प्रकार 1 अगस्त 2023 से 30 दिसम्बर 2023 तक भुगतान करने पर 4 प्रतिशत की छुट दी जावेगी। 1 जनवरी 2024 से 31 मार्च 2024 तक 0 प्रतिशत छुट दी जायेगी। उन्होंने नागरिकों से सम्पत्तिकर का भुगतान कर छुट का लाभ लेकर नगर विकास में सहयोग की अपील की है।

### कांग्रेस नेताओं का चेहरा कोयले की कालिख से पुता हुआ है : बृजमोहन

**रायपुर,4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने ईडी के छापों को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा की जा रही बयानबाजी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लगातार पत्रकार वार्ता लेकर सत्ताधारी कांग्रेस नेताओं द्वारा ईडी की कार्रवाई को पूर्वाग्रह और खुद को निर्दोष बताना उनकी बेचैनी प्रदर्शित कर रहा है। इस दौरान उनकी भाव भंगिमा और माथे की शिकन बता रही है कि दाल में जरूर कुछ काला है।पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पहले से ही कह दिया था कि न खाऊंगा न खाने दूंगा। यही वजह है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां पूरी निष्पक्षता के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन छेड़े हुए हैं। ऐसे में छत्तीसगढ़ में सत्ताधारी लोगों के घर में ईडी की कार्रवाई, ईडी के छापे उनकी इसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब से कांग्रेस सत्ता में आई हैं उसके द्वारा किया जा रहा भ्रष्टाचार खुली आंखों से हर कोई देख रहा है। विकास का नामोनिशान नहीं है परंतु उस विकास के नाम पर करोड़ों अरबों रुपए डकारे जा चुके हैं। स्मार्ट सिटी के नाम पर रायपुर शहर में ही हजारों करोड़ का भ्रष्टाचार स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रहा है। जल जीवन मिशन, अमृत मिशन, गौठान योजना, सड़क निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेत ,कोयला, ऐसा कोई विभाग, ऐसी कोई योजना नहीं है, जिसमें भ्रष्टाचार न हुआ हो। विधानसभा में भी हमने कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खोली है, इनको जवाब देते नही बन रहा था । बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस हमेशा दोमुंही बात करती है और जनता को बरगलाने की कोशिश में रहती है।

# गांवों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना 'न्याय योजना' का मुख्य उद्देश्यः मुख्यमंत्री

### स्वावलंबी गौठान समिति के अध्यक्षों को 750 रुपए और सदस्यों को 500 रुपए हर महीने प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय

**रायपुर, 6 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'गोधन न्याय योजना' के तहत पशुपालक ग्रामीणों, गौठानों से जुड़ी महिला समूहों और गौठान समितियों को 5 करोड़ 32 लाख रूपए की राशि ऑनलाइन जारी किया। इसके अंतर्गत 16 मार्च से 31 मार्च तक खरीदे गए 1 लाख 45 हजार क्विंटल गोबर के एवज में 2 करोड़ 91 लाख रूपए का भुगतान किए जाने के साथ ही गौठान समितियों को 1.43 करोड़ रूपए और महिला समूहों को 98 लाख रूपए की लाभांश राशि का वितरण शामिल है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेलमुख्यमंत्री



बघेल ने कहा कि गोधन न्याय योजना में हम लोगों ने निरंतर उपलब्धियां हासिल की है, लेकिन राज्य में स्वावलंबी गौठानों की संख्या में जिस तेजी से वृद्धि हो रही है, वह हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि इस योजना का मुख्य उद्देश्य ही अपने गांवों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना है। उन्होंने योजना के माध्यम से गांवों के विकास को मिल रहे नये-नये आयाम की सराहना भी की। इस तारतम्य में बघेल ने वर्मी कम्पोस्ट के साथ-साथ प्राकृतिक पेंट निर्माण, गौ-मूत्र निर्माण तथा बिजली उत्पादन आदि कार्यों का उल्लेख करते हुए जिन गौठानों में प्रतिदिन 5 क्विंटल से अधिक गोबर खरीदी हो रही है, वहां बिजली उत्पादन इकाई की स्थापना के लिए विशेष पहल करने जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि गौठान समितियों को स्वावलंबन के लिए प्रोत्साहित करने के लिए स्वावलंबी गौठान समिति के अध्यक्षों को 750 रुपए और सदस्यों को 500 रुपए हर महीने प्रोत्साहन राशि देने का अहम निर्णय लिया है। मेरी सभी गौठान समितियों से अपील है कि वे भी तेजी से स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ें और प्रोत्साहन का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि किसान भाइयों को यह खुशखबरी तो पहले ही मिल चुकी होगी कि आने वाले नवंबर महीने से अब 20 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की जाएगी।

# भारत से लाए इत्र से बलिदान पूर्व हुआ था प्रभु यीशु का अभिषेक

रायपुर। पवित्र सप्ताह में सेंट पॉल्स कैथेड्रल में प्रवचन करते हुए दिल्ली के सीएनआई के बिशप पॉल स्वरूप ने कहा कि प्रभु यीशु के बलिदान के पूर्व उनका अभिषेक जिस बहुमूल्य इत्र से किया गया था। वह भारत से वहां निर्यात किया गया था। इसे हिमालय में गंगा नदी के किनारे मिलने वाले खुशबूदार शुद्ध जटामासी से बनाया गया था। यह हमारे लिए फक्र की बात है। पहली शताब्दी में भी हमारे देश से कीमती व बहुमूल्य शुद्ध वस्तुएं विदेशों में एक्सपोर्ट की जाती थीं। हिंदुस्तान से प्रभु का इसी तरह लगाव रहा है। उनके लिए यहां का इत्र इस्तेमाल किया गया। इसके अलावा उनके एक शिष्य थॉमस भी भारत आए थे। उन्होंने यहां मसीहियत की नींव रखी।

दुख भोग सप्ताह के दूसरे दिन बिशप ने पवित्र बाइबिल के मरकुस के अध्याय 14 में वर्णित सच्ची घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि



बलिदान के तीन दिन पूर्व ही जब प्रभु यीशु बैतनिय्याह में शिमोन कोढ़ी के घर भोजन करने गए थे। तब एक स्त्री जो वहां आमंत्रित नहीं थी और पुरुष प्रधान समाज से बिना डरे वहां पहुंची। उसके नाम का भी जिक्र नहीं है। उसने वहां संगमरमर के पात्र को तोड़कर उसमें रखे जटामासी के बहुमूल्य शुद्ध इत्र को प्रभू यीशु के सिर पर उंडेल दिया। इस तरह से उसने तत्कालीन प्रथा के अनुसार यीशु के मारे व गाड़े जाने के पूर्व उनका अभिषेक किया। यह घटना उस वक्त के लिए अकल्पनीय थी।

# राजधानी के हनुमान मंदिरों में भक्तों की भीड़

**रायपुर, 6 अप्रैल।** आज देशभर में हनुमान जयंती मनाई जा रही है. हनुमान जी की पूजा के लिए कुल चार मुहूर्त हैं. साथ ही 5 बड़े योग भी रहेंगे. हनुमान जी ब्रह्मचारी के रूप में पूजे जाते हैं इसलिए ग्रंथों में सुबह 4 से रात 9 बजे तक उनकी पूजा का विधान बताया गया है. अगस्त्य संहिता और वायु पुराण के मुताबिक हनुमान जी अमर माने जाते हैं. हनुमान जन्मोत्सव उत्तर भारत में चैत्र महीने की पूर्णिमा पर यानी आज मनाया जा रहा है. इस बार हनुमान जयंती पर गजकेसरी, हंस, शंख, विमल और सत्कीर्ति नाम के पांच राजयोग बन रहे हैं. इस पर्व पर पूर्णिमा तिथि के स्वामी चंद्रमा, हस्त नक्षत्र के स्वामी सूर्य और चित्रा नक्षत्र के स्वामी मंगल का प्रभाव रहेगा. इन तीन ग्रहों के संयोग में हनुमान जी की पूजा करना शुभ फलदायी रहेगा. शास्त्रों के अनुसार चैत्र



माह की पूर्णिमा पर भगवान श्रीराम की निस्वार्थ सेवा के उद्देश्य से भगवान भोलेनाथ के 11वें रुद्र के रूप में माता अंजना के घर में संकटमोचक हनुमान का जन्म हुआ. शंकर का शिवालय जिस तरह बिना नंदी के नहीं होता है उसी तरह श्रीराम के देवालय की पूर्णता हनुमान की मूर्ति के बिना नहीं होती है।

# ग्राम बम्हनी में सर्वेक्षण 100 प्रतिशत पूर्ण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 6 अप्रैल।** जहाँ चाह होती है, वहाँ राह होती है और सामूहिक प्रयास जब दिल से किये जायें तो इसके सार्थक परिणाम होते हैं। इसकी एक बानगी सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 अभियान के अंतर्गत दिखाई दी। जब शासन द्वारा 1 अप्रैल 2023 से चलाए जा रहे सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 अभियान के अंतर्गत योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण सर्वेक्षण का कार्य आज राजनांदगांव जनपद की ग्राम पंचायत बम्हनी ने शत प्रतिशत कर दिखाया। कलेक्टर डोमन सिंह के कुशल मार्गदर्शन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अमित कुमार के चाक-चौबंद प्रबंधन तथा प्रभारी अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरुण वर्मा व जनपद पंचायत



राजनांदगांव के मुख्य कार्यपालन तथा अधिकारियों-कर्मचारियों के समन्वित प्रयास से ग्राम पंचायत बम्हनी ने सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 का कार्य शत प्रतिशत पूरा कर दिया है। 207 मकानों में 265 परिवारों का सर्वे कार्य कार्य शत प्रतिशत पूरा कर सफलता की एक नई इबारत लिखी है। सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ होते ही जब सर्वेक्षण कार्य ने गति पकड़ी और आने वाली तकनीकी समस्याओं का निदान जैसे ही होने लगा तब ग्राम पंचायत बम्हनी ने संपूर्ण सर्वेक्षण का महाअभियान चलाने का बीड़ा उठाया।

### वित्तीय वर्ष 2022-23 में निगम ने किये 17.39 करोड़ रुपये की राजस्व वसूली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 6 अप्रैल।** नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में भी राजस्व वसूली के लिये सुनियोजित अभियान चलाया और लक्ष्य के अनुरूप वसूली के लिये प्रतिदिन राजस्व का अमला निगम के साथ साथ प्रतिदिन घर घर जाकर समस्त करों का वसूली करते थे। साथ ही शहर के प्रत्येक वार्डो में भी शिविर का आयोजन कर वसूली की गयी। इस वित्तीय वर्ष 2022-23 में नगर निगम को 17 करोड 38 लाख 96 हजार रूपये की राजस्व आय हुई। गत वर्ष की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में 2 करोड रूपये अधिक वसूली की गयी, कुल वसूली 71 प्रतिशत अर्थात 5 प्रतिशत अधिक है। निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने राजस्व आय के संबंध में बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में उपायुक्त सुनील अग्रहरि के नेतृत्व में निगम के राजस्व विभाग द्वारा प्रतिदिन राजस्व कार्यालय में, घर घर जाकर एवं प्रत्येक वार्डो में शिविर का आयोजन कर उल्लेखनीय राजस्व वसूली किया गया तथा अवकाश के दिनों में भी वसूली कार्य निरंतर जारी रहा। जिसकी परणिती 17 करोड 38 लाख 96 हजार रूपये की राजस्व आय वित्तीय वर्ष 2022-23 में नगर निगम को हुई। निगम आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में संपत्तिकर से कुल मांग 6 करोड 5 लाख 13 हजार के विरूद्ध कुल वसूली 4 करोड 82 लाख 47 हजार रूपये प्राप्त हुई, वही वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल मांग 5 करोड 41 लाख 54 हजार रूपये के विरूद्ध 4 करोड 50 लाख 92 हजार रूपये प्राप्त हुई थी।

# केंद्र की भाजपा सरकार की राहुल गांधी पर कारवाई दुर्भावनापूर्णः संध्या देशपांडे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 6 अप्रैल।** देश के सबसे बडे लोकतांत्रिक देश÷ में आज आम आदमी की आवाज उठाना, भष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना गुनाह हो गया है। देश÷ की प्रमुख विपक्षी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष 4 बार के सांसद राहुल गांधी जब संसद के अंदर बात करते है तो उनको बोलने नहीं दिया जाता, उनका माइक बंद कर दिया जाता है, सत्तारूढ़ दल के सांसद बहुत ही अतिवादी चरित्र का प्रदर्शन करते हुये संसद की कार्यवाही नहीं चलने देते है। केंद्रीय मंत्री अपने पद की गरिमा को तार-तार करते हुये अनर्गल बाबाजी करते है और जब इन सबसे भी राहुल गांधी, कांग्रेस पार्टी और विपक्ष की आवाज को नहीं दबा पाते तो एक और षड्यंत्र रचा जाता है।राहुल गांधी की संसद सदस्यता को समाप्त करने का यह उग पूरे घटनाक्रम का सिलसिलेवार ब्योरा आपके



समक्ष रखते है आप खुद विचार करिये, देखिये इस देश के लोकतंत्र को किस प्रकार नष्ट किया जा रहा है।

पहला घटनाक्रम

साथियों राहुल गांधी के ऊपर यह सारी कार्यवाही क्यों की गयी? इसका एक मात्र कारण है राहुल गांधी ने देश के प्रधानमंत्री की दुखती रत पर हाथ रख दिया। उन्होंने मोदी के निकट सहयोगी अडानी के घोटालेबाजी और अडानी-मोदी के गठबंधन पर आवाज उठाया। उन्होंने दो सवाल पूछे थे।क्या अडानी की सल कंपनियों में? 20, 000 करोड़ या 3 बिलियन डॉलर है? अडानी इस पैसे को खुद कमा नहीं सकता क्योंकि वो इंफ्रास्ट्रक्चर बिजनेस में है। यह पैसा कहां से आया? किसका काला धन है? ये किसकी शेल कंपनियां हैं? ये कंपनियां डिफेंस फील्ड में काम कर रही हैं। कोई क्यों नहीं जानता? यह किसका पैसा है? इसमें एक चीनी नागरिक शामिल है। कोई यह सवाल क्यों नहीं पूछ रहा है कि यह चीनी नागरिक कौन है?

प्रधानमंत्री मोदी जी का अडानी से क्या रिश्ता है? उन्होंने अडानी के विमान में आराम करते हुए पीएम मोदी की तस्वीर दिखाई। उन्होंने रक्षा उद्योग के बारे में, हवाई अड्डों के बारे में श्रीलंका में दिए गए बयानों के बारे में, बांग्लादेश में दिए गए बयानों के बारे में ऑस्ट्रेलिया में स्टेट बैंक (भारत के) के चेयरमैन के साथ बैठे नरेंद्र मोदी और अडानी की तस्वीरें, जिन्होंने कथित तौर पर .1 विलियन का ऋष्टा स्वीकृत किया था, के बारे में दस्तावेज दिए। यह सबूत के साथ सवालों का दूसरा सेट था। मोदी सरकार ने सवाल का जवाब तो नहीं दिया उल्टे राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के भाषण से अडानी घोटाले के महत्वपूर्ण अंश और राहुल गांधी के भाषण (लगभग पूरी तरह से) को संसद के रिकॉर्ड से हटा दिया। गया। क्यों?संसद के बजट सत्र के चल रहे दूसरे भाग में, भारत के इतिहास में पहली बार एक सत्तारूढ़ पार्टी - भाजपा संसद को बाधित कर रही थी और इसे काम नहीं करने दे रही है।

# मोर मकान मोर आस योजना दावा-आपत्ति 13 अप्रैल तक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 6 अप्रैल।** मोर मकान मोर आस छत्तीसगढ़ शासन की एक संवेदनशील पहल इसके अंतर्गत मात्र किफायती दरों में आवास के लागत मूल्य पर वर्षो से किरायेदारों के रूप में निवासरत परिवारों को अपने स्वयं के आवास का सपना साकार करने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया कर आवास का आबंटन किया जा रहा है। प्रथम चरण में प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत 644 बहु मंजिला आवास निगम सीमाक्षेत्र के लखोली, मोहारा, रेवाड़ीह आदि स्थानों में पूर्ण रूप से निर्मित एवं 1286 निर्माणाधीन उक्त आवासों मे से मोर मकान मोर आस योजना के तहत शासन द्वारा निर्धारित किए गए दरों पर 14 हितग्राहियों को आबंटित किया गया। किरायेदारों को योजना का लाभ देने आवेदन की प्रक्रिया की जा रही है। 20 मार्च तक प्राप्त आवेदनों की सूची तैयार कर ली गयी है, प्राप्त 258 आवेदनों में 96 पात्र एवं 162 आवेदक अपात्र है। आवास आबंटन के संबंध में नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि, मोर मकान मोर आस योजनान्तर्गत वर्षो से किराये में निवासरत् परिवारो को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया हैं। प्राप्त 258 आवेदनों में पात्र 96 आवेदन है एवं अपात्र 162 आवेदनों के लिये 13 अप्रैल 2023 दिन गुरूवार तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। आवेदक निर्धारित तिथि को शाम 5 बजे तक प्रधानमंत्री आवास कार्यालय में आपत्ति का निराकरण कर अपने नाम को अंतिम पात्र सूची में दर्ज करा सकते है। समय अवधि के उपरांत किसी प्रकार की कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी। उन्होंने बताया कि मोर मकान मोर आस अंतर्गत आवासों का आबंटन किये जाने हेतु पात्र एवं अपात्र की सूची निगम कार्यालय के सूचना पटल एवं एम.सी.आर.जे.एन. पोर्टल पर भी अवलोकन कर सकते है।

### राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करना लोकतंत्र की हत्या का सबसे बड़ा सबूत:मोहन लालवानी

**कुरूद।** राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म होने के बाद से कांग्रेसी बौखलाए हुए हैं। इस मुद्दे को लेकर बुधवार को कुरूद में कांग्रेस के नेताओं ने एक साथ इकट्ठे होकर प्रेस वार्ता लेकर अपनी बात कही। पत्रकार वार्ता का उद्देश और जनता में क्या संदेश देना चाहते हैं के जवाब में कहा कि पत्रकार देश का चौथा स्तंभ है वे चाहे तो आम लोगों के आवाज को मीडिया के माध्यम से जो बात जनता तक पहुंचती है उनके दिमाग में घर कर जाता है लोकतंत्र को बचाने के लिए पत्रकार की अहम भूमिका है। राहुल गांधी कोर्ट में माफी मांगते तो मुद्दा खत्म हो जाता के जवाब में अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य दिव्यांग जन सलाहकार बोर्ड मोहन लालवानी ने कहा कि आप सभी ने



पढ़ा होगा कि राहुल गांधी द्वारा कहा गया कि मैं सावरकर नहीं हूं। राहुल गांधी कोर्ट के फैसले के आड़ में क्या राजनीति कर रहे हैं के जवाब में कहा कि राहुल को अगर राजनीति करना होता तो 3500 किमी पदयात्रा में कही पर भी उन्होंने यह नहीं बोला कि कांग्रेस को वोट देना, बल्कि उन्होंने कहा कि लोकतंत्र खतरे में हैं। मोदी सरनेम वाले सभी चोर हैं ऐसा बोला था इसीलिए यह मुद्दा आया था क्या के जवाब में उन्होंने बताया कि उन्होंने ऐसा नहीं कहा है कि सारे मोदी चोर हैं। किसी समुदाय को निशाना नही बनाया है, चाहे उनकी जाति कोई भी हो। धोखेबाजों और भगोड़ों को बचा रही है। राहुल गांधी की सदस्यता खत्म हो गई इसके आगे की रणनीति क्या होगी के जवाब में कहा कि प्रदेश के मुखिया और पार्टी द्वारा लिए गए निर्णय के आधार पर चलेंगे। राहुल गांधी की संसद सदस्यता को समाप्त करने की घटनाक्रम को लेकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरूद के तत्वाधान में 5 अप्रैल बुधवार को नगर पंचायत मंगल भवन में प्रेस वार्ता रखा गया। कांग्रेस के नेताओं ने प्रेस वार्ता में लिखित ने बताया कि आज आम आदमी की आवाज उठाना भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना गुनाह हो गया है। देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष चार बार के सांसद राहुल गांधी जब संसद के अंदर बात करते हैं तो उन्हें बोलने नही दिया जाता है उनका माइक बंद कर दिया जाता है।

### गुरु रामस्वरूप ने राममंदिर में की पूजा



**कुरूद, 6 अप्रैल।** चित्रकूट धाम स्थित कामदगिरि पीठाधीश्वर जगतगुरु श्री रामस्वरूप आचार्य जी महाराज का आज कुरूद आगमन हुआ। वे कुरूद स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर में पधारे जहा उन्होंने प्रभु श्री रामचंद्र जी व माता सीता के दर्शन कर पूजा अर्चना व आरती की मंदिर में उपस्थित धर्म प्रेमियों ने जगतगुरु का पुष्प वर्षा व पुष्प हार से आत्मिक स्वागत किया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्री राम मंदिर के महंत अखिलेश वैष्णव शिव प्रताप ठाकुर नीलम चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती तारिणी चंद्राकर भानु चंद्राकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चंद्राकर सुरेश महावर रघुनंदन साहू मालक राम साहू अजय केला रमेश पांडे गणेश साहू सोहन आमदे के एन सिन्हा चिरायु सिन्हा चुनमुन ठाकुर सौरभ महावर मनोज केला चंदन शर्मा कार्तिक राम साहू देवा साहू विजय साहू इत्यादि उपस्थित थे जगतगुरु ने उपस्थित जनों से धर्म संस्कृति व वैदिक शिक्षा के संदर्भ में चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ पूर्व से ही इस दिशा में काफी समृद्ध रहा है।

### राहुल गांधी पर आए संकट को टालने के लिए कांग्रेसियों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ



**रायपुर, 6 अप्रैल।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे देश में भक्ति का वातावरण बना हुआ है। भक्ति पूर्ण वातावरण से सियासत भी अछूती नहीं रही। पूजा अर्चना और भजन कीर्तन की एक ऐसी ही तस्वीर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के पुराने कांग्रेस भवन से सामने आई है। यहां कांग्रेसियों ने ऐतिहासिक कांग्रेस भवन में स्थापित हनुमान जी के मंदिर में पूजा अर्चना और हनुमान चालीसा का महापाठ किया। बहुत कम लोग जानते हैं कि गांधी मैदान के ऐतिहासिक कांग्रेस भवन में हनुमान जी की प्राचीन मंदिर है। यहां कांग्रेस के बड़े नेताओं की आस्था भी जुड़ी रही है। प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए नंदकुमार पटेल से लेकर डॉ. चरणदास महंत और सीएम भूपेश बघेल भी इस मंदिर में पूजा अर्चना करते रहे हैं। हनुमान जयंती के अवसर पर कांग्रेसियों ने इसी मंदिर में पूजा अर्चना की और पार्टी के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी पर आए संकट को टालने की कामना की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे ने बताया कि कांग्रेस भवन में हनुमान जी का मंदिर काफी प्राचीन है। यहां पूजा अर्चना कर हनुमान जी से तमाम संकटों को दूर करने की प्रार्थना कर रहे हैं।

### बीजेपी स्थापना दिवस पर डॉ. रमन सिंह समेत कार्यकर्ताओं ने महापुरषों की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**रायपुर, 6 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी आज 43वां स्थापना दिवस का जश्न मना रही है। इसी बीच छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे में बीजेपी का धव्ज फहराया। साथ ही महापुरषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। धवजारोहण के दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय समेत भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता होने के नाते हम सब खुद को गौरवान्वित अनुभव करते हैं। वहीं पूर्व मंत्री बृजमोहन ने अपनी बात रखते हुए कहा कि 43 वर्षों के सफर में हजारों कार्यकर्ताओं ने बलिदान दिया हैं और अपना घर छोड़कर बीजेपी का हर कदम पर साथ दिया है। साथ ही कहा कि ''मैं राष्ट्र भक्तों को नमन करता हूं''...43वां स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा के मुख्य प्रवक्ता और पूर्व मंत्री रहे अजय चंद्राकर का कहना है कि कार्यकर्ताओं ने भाजपा की राजनीतिक अवधारणा और कई योजनाओं को साकार कर छत्तीसगढ़ की जनता का विश्वास जीता हैं। जिसके लिए भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं।

## संपादकीय

# गलती पवार सुधार रहे हैं

राजनीति में गठबंधन में रहने का फायदा होता है तो नुकसान भी होता है। इसलिए गठबंधन में रहने वाले दलों को एकदूसरे के हितों का ख्याल रखते हुए काम करना पड़ता है। यदि गठबंधन के दल एक दूसरे के हितों का ख्याल नही ं रखेंगे तो तीनों को चुनाव में नुकसान होगा। गलती कोई एक भी करे तो उसका खामियाजा तीनों को भुगतना पड़ सकता है।`एक की गलती को सुधारना तीनों की जिम्मेदारी होती है।राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में ंवीर सावरकर का अपमान कर ऐसी गलती कर दी है कि जिसका खामियाजा अगले लोकसभा चुनाव में शिवसेना उध्दव व एनसीपी को भुगतना पड़ेगा ऐसा भी नहीं है कि राहुल गांधी को पता न हो कि शिवसेना, एनसीपी वीर सावरकर के अपमान को सहन नहीं करेंगे। वह वीर सावरकर का सम्मान करते हैं। वीर सावरकर पूरे महाराष्ट्र के वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी है। उन्होंने देश के लिए जैसी तकलीफें सही वैसी तकलीफ शायद ही किसी ने सही हो। वह भी दस साल से ज्यादा। उनकी तुलना इसीलिये किसी स्वतंऊता सेनाननी स नहीं की जाती है। उन्हें अकेले वीर सावरकर ही कहा जाता है औरे किसी तो वीर नहीं कहा जाता है। सोनिया गांधी के पहले तक कांग्रेस नेता भी वीर सावरकर का सम्मान करते थे, इंदिरा गांधी के समय तो उन पर डाक टिकट जारी किया गया था. महात्मा गांदी, सुभाषचेंद्र बोस सहित बहुत सारे कांग्रेस नेता वीर सावरकर सम्मान करते थे।व ह समझते थे कि महाराष्ट्र को लोग उनका सम्मान करते हैं। तब यह नहीं माना जाता था कि वह भाजपा के महापुश्क हैं,तब माना जाता था कि वह देश के महापुरुष हैं क्योंकि कांग्रेस को महाराष्ट्र में राजनीता करनी थी। इंदिरा गांधी के समय वीर सावरकर का सम्मान किया जाता था इसलिए कांग्रेस को कभी वीर सावरकर के नाम पर राजनीतिक नुकसान नहीं उठाना प़ड़ा थाष इंदिरा गांधी के समय तो कांग्रेस को महाराष्ट्र में बहुमत मिला करता था। आज कांग्रेस महाराष्ट्र में महाविकास अगाड़ी का एक दल हैं। उसे महाराष्ट्र में लोकसभा सीटों की चिंता नहीं है। यही वजह है कि राहुल गांधी ने कई बार वीर सावरकर का अपमान किया तो उन्हें महाराष्ट्र में कांग्रेस के राजनीतिक हितों की कोई चिंता नहीं थी। वह तो सोच रहे थे कि वीर सावरकर को भाजपा का महापुरुष बताकर वह देश में कांग्रेस को भाजपा से बेहतर दल बता रहे हैं। इसका देश भर में कांग्रेस को राजनीतिक फायदा होगा। वीर सावरकर का अपमान करने पर कांगरेस को देश में कोई राजनीतिक फायदा तो नहं हुआ है लेकिन महाराष्ट्र में राजनीतक नुकसान तो हो सकता है। राहुल गांधी ने हाल ही में एर पत्रवार्ता में कहा था कि वह माफी नहीं मांगेंगे क्योंकि वह सावरकर नहीं गांधी है। उनके इस बयान को शिवसेना उध्दव को बुरा लगा। उनकी तरफ से कह कि शिवसेना उध्दव वीर सावरकर का अपमान सहन नहीं करेगी। शिवसेना उध्दव गुट कांग्रस की बुलाई बैठक में नहीं गया। महाराष्ट्र मे गठबंधन न टूटे इसके लिए शरद पवार ने कांग्रेस के नेताओं से बात की कि राहुल गांधी को समझया जोए कि वह वीर सावरकर के बारे में इसी तरह बोलते रहे तो महााष्ट्र में गठबंधन नहीं रहेगा। शिवसेना उध्दव अलग हो जाएगी। इसका फायदा भाजपा व शिवसेना शिंदे गुट को होगा। इस पर कांग्रेस नेताओं ने समझाया तो राहुल गांधी को समझ आया कि उन्होंने क्या गलती की है तथा महारा,ष्ट्र मे गठबंधन को क्या नुकसान हो सकता है। तब जाकर राहुल गांधी की तरफ से बयान दिया गया कि वह सहयोगी दलों की भावना का भविष्य में ख्याल रखेंगे। राहुल गांधी की गलती की भरपाई के लिए शरद पवार को भी बयान देना पड़ा कि वीप सावरकर के बलिदान की अनदेखी नहीं कर सकते। इसके बाद शरद पवार का दूसरा बयान आया है कि राज्य व केंद्र सरकार वीर सावरकर को भारत रत्न देने में क्यों देरी कर रही है। उसे तो वीर सावरकर को जल्द भारत रत्न दे देना चाहिए। पवार का यह बयान राहुल गांधी के बयान से गठबंधन को राज्य में जो नुकसान होगा उसकी भरपाई करने की कोशिश है। यह बताने की कोशिश है कि भाजपा व शिंदे गुट से ज्यादा वीर सावरकर का सम्मान तो एनसीपी करती है। क्योंकि शिंद गुट व भाजपा तो वीर सावरकर को भारत रत्न देने की सोच नही रहें है। हम तो मांग कर रहे हैं कि वीर सावरकर तो जल्दी से जल्दी भारत रत्न दे दिया जाए। कुल मिलाकर वीर सावरकर के अपमान के ममले में राजनीतिक नुकसान से बचने के लिए शरद पवार ने वीर सावरकर को भारत रत्न देने िक मांग की है। ताकि वह जनता को बता सकें कि हम तो वीर सावरकर का सममान करते हैं। भाजपा व शिंदे गुट से ज्यादा सम्मान करते हैं। शरद पवार जानते हैं शिंदे गुट व भाजपा ने वीर सावरकर के अपमान के मुद्दे पर महाराष्ट में वीर सावरकर गौरव यात्रा निकाल रही है तो इसका गठबंधन को राजनीतकि नुकसान हो सकता है। कांग्रेस को महाराष्ट्र की 48 सीटों की चिंता भले न हो लेकिन पवार को तो है, इसलिए वह कोशिश कर रहे हैं कि वीर सावरकर के अपमान के मुद्दे पर एनसीपी को कोई नुकसान न हो।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आपका दिन सामान्य रहेगा। बोलने से पहले थोड़ा सोचें। आज कोई समाचार मिल सकता है। कारोबार में विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। थोड़े प्रयास से अधिक लाभ होगा। संतान और स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। गुस्सा नियन्त्रित हो तो जिन्दगी में शुकुन ही शुकुन सिद्ध होगा।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)**-कम बोलें पर अच्छा बोलें। आज कई स्त्रोतों से धनलाभ संभव है। घर-परिवार की चिंता से तनाव रहेगा। निजी कार्यो से भागदौड़ अधिक होगी। निवेश शुभ रहेगा। यात्रा हो सकती है।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ छ, के, को, हा)**-समय की अनुकूलता का आभास होगा। बड़े सौदों के लिए समय शुभ है। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। आर्थिक लाभ होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। विवाह योग्य जातकों के लिए समय उपयुक्त है।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-आज पसंदीदा भोजन का आनंद मिलेगा। दोस्तों के साथ यात्रा होगी। नौकरी में परिश्रम निरर्थक होगा। आप की लापरवाही से लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे। विवाह प्रयास सफल रहेंगे।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-दिन की शुरुआत में आलस की अधिकता रहेगी। करियर के प्रति निर्णय लेने में संकोच रहेगा। धन प्राप्ति सुगमता से होगी। यात्रा सफल रहेगी। न्यायपक्ष मजबूत होगा।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-आज रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यस्थल परिश्रम अधिक होगा। बुजुर्गजनों को पुरानी व्याधि से कष्ट होगा। कीमती वस्तुएं संभाल कर रखें।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-नई व्यापारिक योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार की आवश्यकता है। राजकीय सहयोग मिलेगा, उन्नति होगी। अपनों से मनमुटाव हो सकता है।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-अपनी जिम्मेदारी को समझें। गृहस्थ सुख मिलेगा। आज धनलाभ होगा। व्यवसायिक प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। आलस्य की अधिकता से कार्यो में विलंब होगा। संतान के विवाह के लिए किये प्रयास सफल रहेंगे।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-अपनी बातों से लोगों का दिल जित लेंगे। संतान के लिए समय अनुकूल है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। स्वजनों के साथ पार्टी-पिकनिक का आनंद मिलेगा।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-आज का दिन प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। आज की गई यात्रा-निवेश सफल रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी, जोखिम न लें। कारोबार के विस्तार के लिए धन संग्रह करेंगे।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-मनोबल बढेगा, न चाहते हुए भी फालतू खर्च बढ़ सकता है। मामूली चोट, विवाद आदि से हानि हो सकती है लेकिन ध्यान रखें तो सामान्य रहेगा सब कुछ। कुसंगति से बचें, जोखिम न लें। तीर्थयात्रा संभव है। परिवार के प्रति सजग रहेंगे। गाय सेवा हर दृष्टि से लाभकारी होगी।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ज, दे, दो, चा, ची)**-रोजगार के लिए उत्तम समय है ।आज किया निवेश शुभ रहेगा। स्वजनों के साथ पार्टी-पिकनिक का आनंद मिलेगा। काम की अधिकता रहेगी। झूठ बोलने से बचें। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। शुभ समाचार प्राप्त होगा। दान धर्म फलदायी होगा।

# बल, बुद्धि और सिद्धि के दाता हैं हनुमान

### हनुमान जन्मोत्सव विशेष

ललित गर्ग



आधुनिक समय के सबसे जागृत, सिद्ध, चमत्कार घटित करने वाले एवं अपने भक्तों के दुःखों को हरने वाले भगवान हनुमान हैं, उनका चरित्र अतुलित पराक्रम, ज्ञान और शक्ति के बाद भी अहंकार से विहीन था। यही आदर्श आज हमारे लिये प्रकाश स्तंभ हैं, जो विषमताओं से भरे हुए संसार सागर में हमारा मार्गदर्शन करते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि असंभव लगने वाले कार्यों में भी जब हनुमानजी ने विजय प्राप्त की तब भी उन्होंने प्रत्येक सफलता का श्रेय 'सो सब तव प्रताप रघुराई' कहकर अपने स्वामी को समर्पित कर दिया। पूरी मेहनत करना पर श्रेय प्राप्ति की इच्छा न रखना सेवक का देव दुर्लभ गुण होता है, जो उसे अन्य सभी सद्गुणों का उपहार दे देता है। यहीं हनुमानजी के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता है। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। रामभक्त हनुमान बल, बुद्धि और विद्या के सागर तो थे ही, अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता और ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान थे। वे हर युग में अपने भक्तों को अपने स्वरूप का दर्शन कराते हैं और उनके दुःखों को हरते हैं।

हनुमान जयन्ती एक हिन्दू पर्व है। यह चैत्र माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन हनुमानजी का जन्म हुआ था यह माना जाता है। हनुमानजी को कलयुग में सबसे प्रभावशाली देवताओं में से एक माना जाता है। विष्णुजी के अवतार के रूप में श्रीराम अवतरण हुआ। रावण ने अपने कठोर साधना से दिव्य शक्तियां प्राप्त की और अपने मोक्ष प्राप्ति हेतु शिवजी से वरदान माँगा। तब शिवजी ने श्रीराम के हाथों मोक्ष प्रदान करने के लिए लीला रची। शिवजी की लीला के अनुसार उन्होंने हनुमान के रूप में जन्म लिया ताकि रावण को मोक्ष दिलवा सके। इस कार्य में रामजी का साथ देने हेतु स्वयं शिवजी के अवतार हनुमानजी आये थे, मंगलकर्त्ता एवं विघ्नहर्त्ता हनुमानजी सदा के लिए अमर हो गए। रावण के वरदान के साथ साथ उसे मोक्ष भी दिलवाया।

हनुमानजी को हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। उनको बजरंग बलि, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात् वायु से उत्पन्न होने वाला। इन्हें सात चिरंजीवियो में से एक माना जाता है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरो में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। इन्होंने अपने पराक्रम और विद्या से अनेकों कार्य चुटकीभर समय में पूर्ण कर दिए है। भिन्न-भिन्न लोगों ने इस महान् आत्मा का मूल्यांकन भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण से किया है। हनुमान का चरित्र एक लोकनायक का चरित्र है और उनके इसी चरित्र ने उन्हें सार्वभौमिक, सार्वदैशिक एवं सार्वकालिक लोकप्रियता प्रदान की है। तैंतीस करोड़ देवी-देवताओं में मात्र हनुमान ही ऐसे हैं जिनकी आधुनिक युग में सर्वाधिक पूजा की जाती है और जन-जन के वे आस्था के केन्द्र हैं। उनके चरित्र ने जाति, धर्म और सम्प्रदाय की संकीर्ण सीमाओं को लांघ कर जन-जन को अनुप्राणित किया है।

श्रीराम के प्रति हनुमानजी की अपार श्रद्धा, विश्वास और सम्मान के प्रति समर्पण अतुल्य था। उनकी अनुपस्थिति में भी उनके मान की रक्षा का उन्होंने ध्यान रखा। जब रावण की सोने की लंका को जलाकर हनुमानजी दोबारा माता सीता से मिलने पहुंचे, तो सीताजी ने कहा- 'पुत्र, हमें यहां से ले चलो।' इस पर हनुमानजी ने कहा कि हे माता! मैं आपको यहां से अभी ले जा सकता हूं, पर मैं नहीं चाहता कि मैं आपको रावण की तरह यहां से चोरी से ले जाऊं। रावण का वध करने के बाद ही प्रभु श्रीराम आदर सहित आपको ले जाएंगे। इन्हीं गुणों के बलबूते हनुमानजी ने अष्ट सिद्धियों और सभी नव निधियों की प्राप्ति की। इन्हीं उत्कृष्ट विलक्षणताओं एवं सिद्धियों के प्रतीक हनुमान पूर्ण मानव थे। मानव न केवल संपूर्ण प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ है, प्रत्युत वह अपनी साधना के द्वारा ब्रह्मपद को भी प्राप्त कर सकता है। त्रेतायुग के सर्वाधिक शक्तिशाली मानव हनुमान जिन्हें भ्रमवश अनेक देशी-विदेशी



विद्वान पेड़ों पर उछल-कूद करनेवाला साधारण वानर मानते रहे हैं, अपने अलौकिक गुणों और आश्चर्यजनक कार्यों के बल पर कोटि-कोटि लोगों के आराध्य बन गये। निश्चित ही हनुमान का चरित्र बहुआयामी हैं क्योंकि उन्होंने संसार और संन्यास दोनों को जीया। वे एक महान् योगी एवं तपस्वी हैं। हनुमान-भक्ति भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है संयम की, पवित्रता की। यह भक्ति एक बदलाव की प्रक्रिया है। यह भक्ति प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय का उपक्रम है।

हनुमान को बुद्धिमानों में अग्रगण्य माना जाता है। ऋग्वेद में उनके लिए 'विश्ववेदसम्' शब्द का प्रयोग किया गया है। इसका अभिप्रेत अर्थ है- विद्वानों में सर्वश्रेष्ठ। वाल्मीकि रामायण में हनुमान को महाबलशाली घोषित करते हुए 'बुद्धिमतां वरिष्ठं' कहना पूर्ण युक्ति संगत है। 'रामचरितमानस' में भी उनके लिए 'अतुलित बलधामं' तथा 'ज्ञानिनामग्रगण्यम' इन दोनों विशेषणों का प्रयोग द्रष्टव्य है। ब्रह्मचारी हनुमानजी महान् संगीतज्ञ और गायक भी थे। इनके मधुर गायन को सुनकर पशु-पक्षी एवं सृष्टि का कण-कण मुग्ध हो जाता था। उनकी अलौकिक साधना एवं नैसर्गिक दिव्यता का ही परिणाम था कि वे भय और आशंका से भरे वातावरण में भी निःशंक और निर्भीक बने रहते थे। संकट की घड़ी में भी शांतचित्त होकर अपने आसन्न कर्तव्य का निश्चय करना उत्तम प्रज्ञा का प्रमाण है। हनुमान इस सर्वोत्कृष्ट प्रज्ञा से युक्त थे।

शुद्ध आचार, विचार और व्यवहार से जुड़ी हनुमान की ऐसी अनेक चारित्रिक व्याख्याएं हैं जिनमें जीवन और दर्शन का सही दृष्टिकोण सिमटा हुआ है। आज के समय में हनुमानजी की छवि सिर्फ एक बलशाली देवता के रूप में स्थापित कर दी गई है। जबकि वे बलवान तो थे ही परंतु अपने बल का कहां और कैसे उपयोग करना है वे बहुत अच्छे से जानते थे। इस दृष्टि से वे तीक्ष्ण बुद्धिमान, विवेकवान एवं चतुर थे। हनुमान जी के चातुर्य होने पर किसी भी प्रकार की कोई शंका नहीं होनी चाहिए। क्योंकि वाल्मीकि रामायण से लेकर रामचरित मानस तक सभी ग्रथों में हनुमान जी को बलवान होने के साथ-साथ बुद्धिमान एवं चतुर होने के भी प्रमाण मिलते हैं।

प्राचीन भारत की सर्वश्रेष्ठ भाषा संस्कृत और व्याकरण पर हनुमान का असाधारण अधिकार था। संपूर्ण विद्याओं के ज्ञान में उनकी तुलना देवताओं के गुरु बृहस्पति से की गयी है। महर्षि अगस्त्य के अनुसार हनुमान नवों व्याकरणों के अधिकारी विद्वान थे। नोबेल पुरस्कार विजेता आक्टाभियो पाज का भी यह सुनिश्चित मत है कि हनुमान ने व्याकरण शास्त्र की रचना की थी। तंत्र शास्त्र के आदि देवता और प्रवर्तक भगवान शिव हैं। इस प्रकार से हनुमानजी स्वयं भी तंत्र शास्त्र के महान पंडित हैं। समस्त देवताओं में वे शाश्वत देव हैं। परम विद्वान एवं अजर-अमर देवता हैं। वे अपने भक्तों का सदैव ध्यान रखते हैं। उनकी तंत्र-साधना, वीर-साधना है। वे रुद्रावतार और बल-वीरता एवं अखंड ब्रह्मचर्य के प्रतीक हैं। कहा जाता है की श्री हनुमानजी का जन्म ही राम भक्ति और उनके कार्यों को पूर्ण करने के लिए हुआ है। उनकी सांस-सांस में, उनके कण-कण में और खून के कतरे-कतरे में श्रीराम बसे हैं। एक प्रसंग में विभीषण के ताना मारने पर हनुमानजी ने सीना चिरकर भरी सभा में श्रीराम और जानकी के दर्शन अपने सीने में करा दिए थे।

हनुमानजी की पवित्र मन से की गयी साधना और भक्ति चमत्कारपूर्ण परिणाम देने वाली है। हनुमान की भक्ति या उनको पाने के लिये इंसान को इंसान बनना जरूरी है। जब तक भक्ति की धारा बाहर की ओर प्रवाहित रहेगी तब तक भगवान अलग रहेंगे और भक्त अलग रहेगा। हनुमान भक्ति के लिये जरूरी है उनके जीवन से दिशाबोध ग्रहण करो और अपने में डूबकर उसे प्राप्त करो। 'जिन खोजा तिन पाइयां गहरे पानी पैठ'- यही है सच्ची हनुमान भक्ति की भूमिका। भक्ति का असली रूप पहचानना जरूरी है, तभी मंजिल पर पहुंचेंगे, अन्यथा संसार की मरुभूमि में ही भटकते रह जायेंगे। हम 'संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरे हनुमत बलबीरा' की भावना के अनुरूप प्रार्थना करते हैं कि संकटमोचन हनुमानजी संपूर्ण विश्व की इन राजनीतिक प्रदूषणों, अराजकता, युद्ध, हिंसा एवं महामारियों से रक्षा करें।

# बेमौसम बारिश के आगे बेबस अन्नदाता

### आपदा

निर्मल रानी



पिछले दिनों अमृतसर -जयनगर - अमृतसर रेल मार्ग से गुज़रते हुये लगभग 1500 किलोमीटर की यात्रा करने का अवसर मिला। मार्च के दूसरे सप्ताह में पश्चिम से पूर्व दिशा की ओर जाते समय पूरे मार्ग पर रेल लाइन के किनारे खेतों में लहलहाती फ़सल देखकर बे इंतेहा ख़ुशी हो रही थी। उम्मीद थी की एक सप्ताह बाद वापसी में जहाँ कुछ फ़सलें ख़ासकर गेहूं की फ़सल तैयार हो रही होगी, 'मेरे देश की धरती सोना उगले', जैसा आभास होगा वहीं संभवत: कुछ खेत ऐसे भी नज़र आयेंगे जिनकी फ़सल काटने को भी तैयार होगी।



परन्तु 24-25 मार्च की वापसी में तो लगभग पूरे 1500 किलोमीटर के रास्ते का दृश्य ही अत्यंत भयावह था। उत्तर भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में हुई बे मौसम की मूसलाधार बारिश और साथ ही कई जगहों पर हुई ओलावृष्टि व तूफ़ानी हवाओं ने तो सारी फ़सलों को तबाह कर दिया था। खेतों में खड़ी फ़सल ज़मीन पर बिछी हुई नज़र आ रही थी। किसानों की जो फ़सल खेत में कटने के लिये लगभग तैयार खड़ी थी तथा कई इलाक़ों में कटी हुई गेहूं की फ़सल,सब चौपट हो चुकी थी। आम और लीची पर आई बौर बुरी तरह झड़ चुकी थी। केवल बिहार व उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि उत्तरांचल व राजस्थान,महाराष्ट्र,मध्य प्रदेश जैसे और भी कई राज्य इस प्राकृतिक आपदा की चपेट में आ चुके हैं जिनकी वजह से देश के किसानों के चेहरे की रौनक़ समाप्त हो गयी है। प्रकृति की मार ने किसानों की कमर को तोड़ दी है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक़ पश्चिमी विक्षोभ(वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के सक्रिय होने की वजह से मौसम में यह बदलाव देखा जा रहा है जिसके परिणाम स्वरूप राजधानी दिल्ली समेत उत्तरांचल,राजस्थान,हरियाणा पंजाब,मध्य प्रदेश व महारष्ट्र सहित व उत्तर भारत के तमाम इलाक़ों में बे मौसमी बारिश के साथ 40 से साठ किलोमीटर प्रति घंटा की गति से तेज़ हवाएं चलीं और तमाम जगहों पर ओले गिरे। जिसके परिणाम स्वरूप किसानों को फ़सलों की तबाही का सामना करना पड़ा। विभिन्न राज्यों की सरकारों ने किसानों के आंसू पोछने की घोषणा भी कर दी है। उदाहरणार्थ राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रभावित किसानों की बर्बाद हुई फ़सलों की विशेष गिरदावरी कराकर शीघ्र रिपोर्ट तलब की है ताकि उन्हें मुआवज़ा देने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जा सके। इसी तरह सबसे बड़े प्रभावित राज्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने भी किसानों को मुआवज़ा देने का आश्वासन दिया है। किसानों के प्रति हमदर्दी जताते हुये मुख्यमंत्री योगी ने यह भी कहा कि बावजूद इसके कि बारिश व ओलावृष्टि से फ़सल की गुणवत्ता पर फ़र्क़ पड़ेगा परन्तु इसके बावजूद उस फ़सल को भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ही लिया जायेगा। और इसके लिये फ़सल क्रय नियम भी ढीले किये जायेंगे। इसी तरह पंजाब सरकार ने भी किसानों को उनकी बर्बाद हुई फ़सल पर 15 हज़ार रुपए प्रति एकड़ की दर से तथा 33 प्रतिशत से 75 प्रतिशत नुक़सान पर 6800 रुपए मुआवज़ा राशि दिये जाने की घोषणा की है । एक अनुमान के अनुसार पंजाब के कई हिस्सों में बारिश से लगभग 15 लाख हेक्टेयर से अधिक गेहूं की फ़सल बुरी तरह से प्रभावित हुई है, जो कि कुल बुवाई क्षेत्र का लगभग 40 प्रतिशत से भी अधिक है। इसी तरह हर?ियाणा में भी बड़े पैमाने पर फ़सलें ख़राब हुई हैं। एक अनुमान के मुताबिक़ लगभग 9.14 लाख किसानों की फ़सल क्षतिग्रस्त हुई है। राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने घोषणा की है कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि की वजह से ख़राब हुई फ़सलों का आकलन कर हर?ियाणा सरकार मई तक किसानों के खातों में मुआवज़ा राशि भेज देगी। जो क?िसान प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना में शामिल नहीं हैं उनके लिये भी हरियाणा सरकार ने एक बड़ा फैसला ल?िया है। इस फ़ैसले के मुताबिक़ उन किसानों को सरकार अपने फ़ंड से मुआवज़ा देगी जो फ़सल बीमा योजना में कवर नहीं होते। हरियाणा में सरकार द्वारा गिरदावरी का काम भी 15 दिन में पूरा कर पारदर्शी तरीक़े से सभी प्रभावित किसानों को मुआवज़ा देने की बात कही गयी है।

बेमौसम बारिश का होना और किसानों का प्रकृति के प्रकोप का शिकार होना वैसे तो कोई नई बात नहीं है। लगभग प्रत्येक वर्ष ही कहीं सूखा तो कहीं बढ़ तो कहीं ओलावृष्टि तो कहीं बेमौसम की बरसात अन्नदाताओं की कमर तोड़ती ही रहती है। जो किसान फ़सल तैयार होने पर बच्चों की शादी उनकी पढ़ाई, अपना क़र्ज़ उतारने,मकान बनाने,ट्रैक्टर व ट्यूबवेल ख़रीदने या उनके रखरखाव करने आदि के सपने संजोय रहता है उसी किसान के लिये ख़राब हुई फ़सल से अपनी खेती की लागत तक निकालना मुश्किल हो जाता है। लगातार बेमौसमी बारिश और तेज़ हवा के कारण गेहूं की फ़सल खेतों में गिर जाती है जिसकी वजह से गेहूं का दाना काला भी हो जाता है और इसका उत्पादन भी कम हो जाता है। साथ ही ख़राब फ़सल की कटाई पर भी अधिक ख़र्च आता है और परेशानी भी ज़्यादा होती है। महाराष्ट्र जैसे राज्य में तो इस बेमौसम बारिश से रबी मौसम की फ़सलों का भारी नुक़सान हुआ है। यहाँ अंगूर,प्याज़, गेहूं जैसी फ़सलों को तो भारी नुक़्सान हुआ ही है साथ ही प्याज़ के खेतों में बारिश का पानी जमा हो जाने से प्याज़ के सड़ने की संभावना भी बढ़ गयी है। इस प्रकृतिक आपदा से सरसों की फ़सल को भी नुकसान हुआ है।

विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा किसानों के आंसू पोंछने वाली तमाम घोषणायें करने व सांत्वना देने के बावजूद अनेक किसानों का यह भी आरोप है कि कृषि विभाग के अधिकारी व बीमा कंपनी के प्रतिनिधि खेतों में जाकर किसानों की दुर्दशा देखने के बजाये कार्यालयों में बैठकर ही अपनी रिपोर्ट तैयार कर लेते हैं। जिससे उन्हें न्याय नहीं मिल पाता। परन्तु हक़ीक़त तो यह है कि मुआवज़ा या सांत्वना दरअसल किसानों की समस्या का स्थाई या दीर्घकालिक समाधान नहीं है। वैसे भी ग्लोबल वार्मिंग के चलते आ रहे विश्वव्यापी जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम चक्र तेज़ी से बदलता जा रहा है। इस चुनौती से निपटने के लिये भारत जैसे कृषि प्रधान देश में कृषि तथा मौसम वैज्ञानिकों की सक्रियता बहुत ज़रूरी हो गयी है। वैज्ञानिकों को इस विषय पर शोध करना चाहिये कि मौसम के बदलते मिज़ाज के अनुरूप कब और कौन सी ऐसी खेती की जाये जिसपर बेमौसम की बरसात व बारिश का दुष्प्रभाव या तो बिल्कुल न हो या फिर कम से कम हो। उन्नत कृषि तकनीक की सहायता से किसानों को सशक्त बनाया जाये और कृषि संयंत्रों से लेकर बीज व खाद तक में उन्नत तकनीक व श्रेणी का इस्तेमाल किया जाये। सरकारों द्वारा दिया जाने वाला मुआवज़ा किसानों के लिये अस्थाई राहत तो ज़रूर है परन्तु उन्नत तकनीक की खेती किसानों को स्थाई रूप से सशक्त बना सकेगी। और जब तक वैज्ञानिकों द्वारा इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं निकला जाता तब तक बेमौसम बारिश के आगे अन्नदाता यूँही बेबस बना रहेगा।

# कराहते पाकिस्तानी पर नेता बेफिक्र

श्रुति व्यास

रमजान का पाक महीना चल रहा है लेकिन पाकिस्तानी मोहताज है खाने-पीने की चीजों के! पाकिस्तान अपने कर्ज न चुका पाने की स्थिति में पहुँच गया है। वह भुखमरी और सामाजिक उथल-पुथल की कगार पर है। गरीब बेसहारा हो गए हैं और मध्यमवर्गीय भिखारी। खाद्य सामग्री के लिए लगने वाली कतारें हर हफ्ते बड़ी होती जा रही हैं और आटा-दाल के ट्रक लूटे जा रहे हैं। परेशानहाल औरतें, बच्चे और बुजुर्ग थैला भर अनाज के लिए घंटों लंबी-लंबी लाईनों में खड़े रहते हैं और धक्का-मुक्की, हाथापाई और कुचले जाने जैसी तकलीफें भुगतते हैं। ऐसे ही एक अनाज व नगदी वितरण केन्द्र पर मची भगदड़ में 12 लोग मारे गए। अब तक मिली खबरों के मुताबिक इस तरह की घटनाओं में 21 लोग अपनी जान गँवा चुके हैं। ऐसे भयावह दृश्य इसके पहले हमने केवल श्रीलंका और अफगानिस्तान में देखे थे।

पाकिस्तान गंभीर संकट में फंस गया है और आंकड़े से ऐसा नहीं लगता है कि रोशनी की कोई किरण है। तीन करोड़ लोग पिछले साल आई बाढ़ से जुड़ी तकलीफें भुगत रहे हैं। लगभग 4.5 करोड़ निम्न मध्यमवर्ग के लोग किराने के सामान और ईंधन के बढ़ते दामों से परेशान हैं। एक किलो आटा, जो सन् 2022 की शुरूआत में 58 रूपये में मिलता था, अब 155 रूपये का है। चावल के दाम दोगुने हो गए हैं और पेट्रोल, जो पिछले साल 145 रू लीटर था, अब 272 रू के भाव से बिक रहा है। मांसाहार केवल अमीरों की पहुंच में है। मुद्रास्फीति तेजी से बढ़ रही है और देश के सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार मार्च में रिकार्ड 35.37 प्रतिशत तक पहुंच गई है जो सन् 1965 के बाद सर्वाधिक है। पाकिस्तानी रूपये का 60 प्रतिशत से अधिक अवमूल्यन हो चुका है।

इस सप्ताह ऑल पाकिस्तान टेक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि देश का वस्त्र उद्योग घटते उत्पादन के चलते 'आसन्न पतन' की स्थिति में पहुंचने वाला है। स्टील मिलें बंद हो रही हैं और बेरोजगारी सर्वकालिक उच्च दर पर है। विश्व खाद्य संगठन ने चेतावनी दी है कि अगले हफ्ते तक 51 लाख पाकिस्तानी गंभीर खाद्य संकट का सामना करने को मजबूर होंगे, जो पिछली तिमाही से 11 लाख ज्यादा होगा। देश फॉसिल फ्यूल और गेहूं के लिए बहुत हद तक आयात पर निर्भर है और इस कारण अर्थव्यवस्था पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ा है। बेहतर आर्थिक अवसरों की तलाश में पिछले साल 8 लाख से ज्यादा पाकिस्तानी विदेश चले गए।

लेकिन यह अत्यंत दुःखद है और सचमुच हमारे पड़ोसी का दुर्भाग्य है कि वहां का संकट, वहां के लोगे की दुर्दशा की चर्चा, राजनैतिक कलह के कोलाहल में दब गई है। राजनीति, मनुष्यों से ज्यादा महत्वपूर्ण बन गई है और जनता की समस्याओं पर हावी है।

पाकिस्तान की माई-बाप वहां की फौज है जो हमेशा नीति-निर्माण में दखलअंदाजी करती रहती है और निर्वाचित सरकारों को अपना कार्यकाल इसलिए नहीं पूरा करने देती कि कहीं ऐसा न हो कि वे देश को आर्थिक प्रगति के पथ पर आगे ले जाएं और इतने लोकप्रिय हो जाएं कि सेना को चुनौती देने लगें। इमरान खान के कार्यकाल में यह सब काफी हद तक बदल गया था। वे जनता में लोकप्रिय थे, वे लोगों का दिल जीतना जानते थे। परंतु उनके वायदे खोखले निकले। जिस प्रशासनिक व्यवस्था के शीर्ष पर वे थे वह पंगु और अयोग्य होने के साथ-साथ भ्रष्ट भी थी और इमरान खान का ध्यान अर्थव्यवस्था को ठीक करने की बजाए अपने विरोधियों को ठिकाने लगाने पर था।

पाकिस्तान की मौजूदासियासी राअस्थिरता को देखते हुए इस बार आईएमएफ भी उसे और कर्ज देने में सकुचा रहा है। गत 24 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में पाकिस्तान का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.2 अरब डालर था, जिससे मुश्किल से एक महीने के आयात बिल का भुगतान किया जा सकता है। नतीजे में सरकार को बिजली, ईंधन और भोज्य पदार्थों की कीमतें बढ़ानी पड़ीं और चीन से और कर्जा लेना पड़ा। दुनिया में अब केवल चीन ही पाकिस्तान की मदद कर रहा है। दो दिन पहले चीन ने पाकिस्तान को दो अरब डालर का कर्ज दिया ताकि वह आईएमएफ की इस शर्त को पूरा कर सके कि आर्थिक मदद की अगली किस्त तभी जारी की जाएगी जब वह आश्वस्त होगा कि किसी दूसरे स्त्रोत से पाकिस्तान को उसका भुगतान संतुलन ठीक करने के लिए धनराशि मिलेगी। अब पाकिस्तान को उम्मीद है कि आईएमएफ उसे और धन उपलब्ध करवाएगा।पाकिस्तान अब तक 20 से अधिक बार आईएमएफ से मदद ले चुका है और एक बार फिर अपनी अर्थव्यवस्था को डूबने से बचाने के लिए आईएमएफ से सहायता मांग रहा है।

## एक नजर

### बेरोजगारी भत्ता के लिए जिले में सात सौ से अधिक ने कराया पंजीयन

**कांकेर,6 अप्रैल।** राज्य शासन द्वारा बेरोजगारों को 25 सौ रूपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने का निर्णय लिया गया है, इसके लिए 01 अप्रैल से ऑनलाइन पंजीयन भी शुरू हो गया है। जिला रोजगार अधिकारी बीआर ठाकुर ने जानकारी दी है कि कांकेर जिले में अब तक 702 लोगों ने बेरोजगारी भत्ता के लिए पंजीयन करवाएं हैं तथा 416 आवेदकों को भौतिक सत्यापन हेतु आमंत्रित भी किया गया है। अंतागढ़ में 21, भानुप्रतापपुर में 73, चारामा में 221, दुर्गूकोंदल में 45, कांकेर में 104, कोयलीबेड़ा में 45 और नरहरपुर में 129 बेरोजगारों ने बेरोजगारी के लिए पंजीयन करवाया है। इसी प्रकार नगर पालिका क्षेत्र कांकेर अंतर्गत 24, नगर पंचायत चारामा में 20, भानुप्रतापपुर में 07, पखांजूर में 07 अंतागढ़ में 02 और नरहरपुर में 04 बेरोजगारों ने ऑनलाइन पंजीयन करवाएं है।

### कृषि महाविद्यालय में जलग्रहण विकास दल का कराया गया भ्रमण

**कांकेर,6 अप्रैल।** रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सिंगारभाट कांकेर के बी.एस.सी. कृषि अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा व्यावसायिक उद्यानिकी विषय के अंतर्गत विभिन्न सब्जियों के उत्पादन तकनीक का प्रायोगिक प्रदर्शन सह-प्राध्यापक उद्यानिकी डॉ. पी.एस. मरकाम के मार्गदर्शन में किया गया है। कृषि महाविद्यालय के प्रक्षेत्र में प्रमुख रूप से लौकी, करेला, भिंडी, बरबट्टी एवं तरबूज लगाया गया है। बालोद जिला के विकासखंड गुरुर से भ्रमण पर आये जलग्रहण विकास दल को उपरोक्त सब्जियों के प्रदर्शन क्षेत्र का भ्रमण कराया गया। छात्रों के द्वारा भ्रमण दल के किसानों को सब्जियों के किस्म, लगाने की दूरी एवं उत्पादन तकनीक के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान सह-प्राध्यापक के साथ भ्रमण दल के प्रमुख एवं जलग्रहण समिति के सदस्य श्री ललित सोनी एवं श्रीमती मंजूरानी गोस्वामी उपस्थित थे। जिनके द्वारा विद्यार्थियों को जलग्रहण क्षेत्र के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर बी.एस.सी. कृषि अंतिम वर्ष के विद्यार्थी जुगेंद्र, राहुल, रेणुकालक्ष्मी, निखिल, महेंद्र, सुरेंद्र, शैलेंद्र, रोशन, चंदन, विशाल, लीमधर एवं पंकज के द्वारा सब्जी उत्पादन तकनीक के बारे में भ्रमण दल को अवगत कराया गया।

### रोजगार पंजीयन के नवीनीकरण के लिए दो माह का मिलेगा अतिरिक्त समय

**कांकेर,6 अप्रैल।** रोजगार कार्यालय में पंजीयन के नवीनीकरण हेतु दो माह का अतिरिक्त समय अवधि बढ़ाया गया है। जिला रोजगार अधिकारी बीआर ठाकुर ने जानकारी दी है कि बेरोजगारों के वैधता पंजीयन तिथि तीन वर्ष के लिए होती है, यह जानकारी आवेदकों के पंजीयन पत्रक में उल्लेख रहता है। यदि कोई भी आवेदक पंजीयन पत्रक में उल्लेखित नवीनीकरण माह में अपने पंजीयन का नवीनीकरण नहीं करवाये जाने पर, उसे नवीनीकरण के लिए निर्धारित माह के अतिरिक्त दो माह की ग्रेस अवधि राष्ट्रीय रोजगार सेवा नियम के अनुसार प्राप्त होगी। यदि किसी आवेदक का नवीनीकरण माह माह-मार्च 2023 को उल्लेखित है तो ऐसे आवेदक का पंजीयन ग्रेस अवधि को मिलाकर दो अतिरिक्त माह अर्थात मई 2023 तक वैध रहेगा।

बेरोजगारी भत्ता के सत्यापन दल को उक्त नियम की जानकारी प्रदान करें ताकि किसी भी आवेदक का बेरोजगारी भत्ता हेतु आवेदन रोजगार पंजीयन के नवीनीकरण के अभाव में निरस्त न हो।

# हितामेटा के पूर्व सरपंच की हत्या में शामिल 4 माओवादी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम, 6 अप्रैल ।** दंतेवाडा पुलिस को एक बडी सफलता मिली है । पुलिस से मिली जनकारी अनुसार थानां बारसुर अंतर्गत तुमरीगुन्डा में आयोजित मेले में इंद्रावती एरिया कमेटी के माओवादियों द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की सूचना पर डीआरजी दंतेवाडा की टीम तुमरीगुंडा इलाके में रवाना हुई थी । इसी दौरान मेला स्थल पर पुलिस की टीम को देख 4 संदिग्ध लोग भागने व छिपने लगे जिसे डीआरजी की टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा और पुछताछ की । जिसपर क्रमशः राजू उर्फ शिवराम कुंजाम , मनकू बेरता , मनीराम कुंजाम, व सुखराम उर्फ प्रकाश मंडावी जो प्रतिबंधित माओवादी संगठन में शामिल होना बताया गया। इनके कब्जे से पुलिस ने एक नग काला पिट्ठू , एक नग पेन गन, 5 नग 38 बोर का जिंदा राउंड, 1 नग खाली खोखा, 2 नग चाकू, नक्सली साहित्य एव दैनिक उपयोगी सामग्री भी बरामद किया । पुलिस के मुताबिक उक्त माओवादी हितामेटा के पूर्व सरपंच रामधर अलामी की हत्या में शामिल थे जिनके विरुद्ध बारसुर थाने में कई धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था।ॉ

जिसके बाद पुलिस द्वारा 5 अप्रैल को विधिवत रूप से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# वन में खेलकूद का भी उतना ही महत्व है जितना कि पढ़ाई-लिखाई का: लखेश्वर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 6 अप्रैल।** बस्तर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत घाटलोहंगा में माता पिलाबाई क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 का आयोजन रखा गया था जिसमें शिरकत करते हुए 16 टीम ने हिसा लिया था अंतः फाइनल में घाटलोहंगा और दुबेउमरगांव के मध्य खेला गया जिसमें दुबेउमरगांव के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी लक्ष्य हासिल किया रोमांचक मैच रही दोनों टीमों ने बहुत अच्छी खेल प्रतिभा दिखाते हुए अच्छा खेल प्रदर्शन का परिचय दिया। बस्तर विधायक ने कहा की खेल का आयोजन राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त करता है और उनमें जीवनभर के लिए एक संबंध विकसित होते हैं उनमें भाईचारे की भावना पैदा होती है बघेल ने कहा की खेल में हार जीत का अपना महत्व है पर यह अंतिम लक्ष्य नहीं है खेल से एक भावना जाग्रत होती है जीत या हार से ज्यादा खेल भावना मायने रखती है हाल के वर्षों में प्रदेशभर में खेल से संबंधित बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिए साधारण प्रयास हुए हैं छत्तीसगढ़ अनुकरणीय उदाहरण है। बस्तर विधायक ने कहा की यह गर्व का विषय है कि खिलाड़ियों ने आयोजन के दौरान उच्चतम स्तर की खेल भावना का प्रदर्शन किया खेल जीतना या हारना नहीं होता, इसका मतलब हिस्सा लेने से है खेल अनुशासित जीवन शैली को भी बढ़ावा देता है यह हमारे गुरुओं के प्रति सम्मान और अपने साथियों व प्रतिस्पर्धियों के प्रति सहानुभूति की भावना पैदा करता है। बकावंड ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सौतपुर के बरफागुडा में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था जिसमें क्षमापूर और गिरोला के मध्य खेला गया जिसमें क्षमापुर ने 115 का रनों का टारगेट दिया लक्ष्य का पीछा करते हुए गिरोला ने 12 ओवर में मात्र 78 रन पर ही सिमट गई अंतः क्षमापुर ने फाइनल में अपना कब्जा बरकरार रखते हुए ख़िताब अपने नाम कर ली। जिसमें मौजूद रहे सरपंच गोपाल कश्यप, धरम सिंह, सत्येंद्र गागड़ा,चकर राम, बिगनेश्वर, सरपंच डमरूधर बघेल, उपसरपंच मुनालाल यादव, गदाधर ठाकुर, यशवंत तिवारी, चंपा बघेल,बालमती यादव, श्रीमती सुखपती बघेल, रोहित, आशीष, तुलसीराम ठाकुर, राजेश कुमार, ग्रामीण पुजारी अलदेव बघेल, मगतु राम कश्यप,महेंद्र बघेल, तुलसी राम ठाकुर,मनु राम नाग, मनोज कुमार कश्यप, तोमेश कुमार कौशल, अंतराम, तुलसी राम बघेल,जितेन बघेल,संतोष कश्यप, फलधर बघेल,कृष्ण तिवारी,इशू बघेल,धन्यसिंग बघेल,थावीर यादव,पंच गण, वालेंटियर, वरिष्ठ नागरिक, पीला बाई माता क्रिकेट टूर्नामेंट समिति के कार्यकर्त्ता एवं समस्त कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे।

### आयुष्मान कार्ड बनाने में कांकेर जिला राज्य में प्रथम

**कांकेर 6 अप्रैल ।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत कांकेर जिले में 06 लाख 26 हजार 21 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है, जो कि लक्ष्य का 85 प्रतिशत तथा छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान पर है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड चारामा में 98,913, नरहरपुर विकासखण्ड में 96,731, कांकेर में 1,02,716, भानुप्रतापपुर में 79,710, कोयलीबेड़ा में 1,40,634, दुर्गूकोंदल में 51, 132 एवं अंतागढ़ विकासखण्ड में 56,185 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके है।उल्लेखनीय है कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से प्रतिवर्ष बीपीएल परिवारों को 05 लाख रुपये एवं एपीएल परिवारों को 50 हजार रूपये के निःशुल्क ईलाज की सुविधा पंजीकृत अस्पतालों में प्राप्त हो रही है।

# कोंटा पुलिस को नक्सल मामले में फरार आरोपी को पकड़ने में मिली सफलता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा,6 अप्रैल।** 19 जनवरी को दोपहर 02:30 बजे ग्राम मुरलीगुड़ा-बन्डा के बीच चल रहे बिजली विभाग का नवीन सब डिविजन पावर हाउस निर्माण कार्य के दौरान कार्य कर रहे मजदूरों को अज्ञात नक्सलियों के द्वारा मारपीट एवं लूटपाट की घटना घटित की गई थी जिसमें थाना कोटा में अपराध क्रमांक 03/2023, धारा 147, 148, 149, 323, 395, 506 भा.द.वि. 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। सुकमा पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री किरण गंगाराम चव्हाण, श्री गौरव मण्डल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री रोहित शुक्ला के मार्गदर्शन पर सुकमा पुलिस के द्वारा आरोपी नक्सलियों का पता तलाश किया जा रहा था जो आज दिनांक 31.03.2023 को सायबर सेल सुकमा के सहयोग से थाना कोटा पुलिस को घटना में शामिल आरोपी दिददो गंगा पिता स्व. हिड़मा उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी पीलावाया (मेहता) थाना कोटा को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई घटना में शामिल अन्य नक्सली आरोपी वंजाम कोशा पिता हड़मा, माड़वी हुंगा दोनों निवासी बेलपोच्चा, मुचकी हिड़मा निवासी बालेगतोंग, वंजाम हांदा निवासी दुरमा, माड़वी उर्फ मड़कम रामा, सोयम जोगा दोनों निवासी गोमपाड़, सोडी गजेन्द्र निवासी विरामट्टी कोटा एरिया कमेटी एल ओ एस कमाण्डर कोसी जो घटना दिनांक से फरार है जिनकी तलाश सुकमा पुलिस के द्वारा की जा रही है। फरार आरोपी नक्सलियों की सूचना देने पर पुलिस अधीक्षक सुकमा के द्वारा उचित ईनाम दिया जावेगा।

# 15 मवेशियों की गाज गिरने से मौत



**कोंडागांव, 6 अप्रैल।** कोंडागांव थाना क्षेत्र के मर्दापाल में जंगल में चर रहे मवेशियों पर गाज गिरने से 15 की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही गांव के लोग मौके पर पहुंचकर इसकी जानकारी गांव के सरपंच से लेकर अन्य उच्च अधिकारियों को दी।मामले की जानकारी देते हुए ओलधर कोर्राम ने बताया कि उसका छोटा भाई लिमधर व धनसिंह के मवेशी घर से कुछ दूरी पर स्थित जंगल में चर रहे थे कि कल दोपहर को आए आंधी तूफान के चलते सभी मवेशी एक पेड़ के नीचे आकर खड़े हो गए थे। इसी दौरान बिजली चमकने के साथ ही गाज गिरने से धनसिंह की 12 मवेशी व लिमधर के 3 मवेशियों की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने के बाद गांव के लोग मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी अधिकारियों को दी गई।

# आदिवासी महासभा, भाकपा ने की तेंदूपत्ता दर में वृध्दि की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 6 अप्रैल।** तेंदुपत्ता वृद्धि करने की मांग को लेकर आदिवासी महासभा व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी वर्षों से लड़ाई लड़ रही हैं। सरकार थोड़ा वृद्धि करती है और ज्यादा ढिडोरा पीटती है। भूपेश बघेल की कांग्रेसी सरकार प्रति मानक बोरा 4000 रू. करके अब इस पर चुप है, और इनके कार्यकाल में बोनस मिलना भी बंद हो गया है। ऊपर से इन 4 वर्षों में समितियों के निलामी दर लगातार घटा है। इस वर्ष पालाचलमा समिति-क्क जिले में सर्वाधिक 7314 रू. में बिका है, बाकी समितियों बिकी है लेकिन दर बहुत कम है। जबकि 2017-18 में किस्टारम समिति -, सर्वाधिक 17899 रु. में बिका था यही नहीं लगभग कोन्टा ब्लॉक की सभी समितियो 10,000 रू. से अधिक में बिकी थी। पूरे आंकड़े इस पर्चे में देना सम्भव नहीं है, पर आंकडे देखने से इतना मालूम हो रहा है कि काफी गोलमाल होता है, पत्ता संग्राहकों के खून-पसीना बहाकर भीषण गर्मी में किये जाने वाला मेहनत का भयानक शोषण किया जा रहा है। अभी बीजापुर के विधायक ने पूर्व विधायक व मंत्री पर आरोप लगाया कि उन्होंने ठेकेदारों से 92 लाख रूपये वसूला था, यह आरोप प्रत्यारोप जारी है।

तेंदुपत्ता का निलामी राजधानी से क्यों ? जिला वनोपज संघ के प्रबन्ध संचालक वन मण्डलाधिकारी होता है, उनके स्तर पर क्यों निलामी नहीं होता। जबकि उनके अधिकार क्षेत्र में 48 समितियां आती है। विकास कार्यों के करोड़ो की निलामी जिला व सम्भाग स्तर में ही होते है तो इनको रायपुर में क्यों ? सच तो यह है कि करोड़ो ठेकेदारों से वसूलने और ऊपर से थोड़ा खैरात के तौर पर राशि बड़ाकर राजनीतिक लाभ के लिए विकेन्द्रीकरण नही किया जा रहा है।हम स्पष्ट रूप से मांग करते हैं कि तेंदुपत्ता को पेसा अधिनियम के अनुसार दर निर्धारण एवं अन्य सभी अधिकार ग्राम सभा को दिया जाये। और चूंकि इस वर्ष निलामी हो चूका है खरीदी की तैयारी हो चुकी है इसलिए हम प्रति मानक बोरा 6000 रू. किये जाने की मांग करते हैं।

मांगे -1. तेन्दूपत्ता प्रति गड्डी को 6 रूपये किया जाये।2. तेन्दूपत्ता मजदूरी व बोनस राशि नगद दिया जाये तथा खाता प्रणाली बन्द किया जाये। 3. तेन्दूपत्ता फड़ मुंशी को 15000 रू. व सहायक को 13000 रू. दिया जाय । 4. तेन्दूपत्ता उल्टाई पल्टाई का मजदूरी 380 रू. दिया जाय। 5. तेन्दूपत्ता तोड़ते समय सांप, बिच्छू किडे-माकोड़ें काटने से या अन्य आकास्मिक दुर्घटना से मृत्यु होने से तत्काल 5 लाख रूपये तथा घायल होने से 3 लाख रूपये दिया जाय। बीमा राशि अलग से दिया जाय। 6. तेन्दूपत्ता फड़ हर गांव में खोला जाय। 7. रजिस्टेशन, जीएसटी के नाम से सरकार वसुली करना बन्द करें। 8. पुरा पत्ता लिया जाए।9. पत्ता का परिवहन स्थानीय वाहनों से किया जाए। 10. स्थानीय बेरोजगारों को ही शेखर पद कि नियुक्ती किया जाए। तथा स्थानीय मजदूरों से बोरा भरती करवाया जाए।उपरोक्त सभी मांगो को लेकर 7 अप्रैल 2023 (दिन-शुक्रवार) कोजिला मुख्यालय सुकमा में धरना सभा रखा गया है आप सभी से अपील हैकि इस लड़ाई में

### गुजरा में हुआ कोसरिया यादव समाज पाली बिरेतरा का वार्षिक अधिवेशन

**अंवरी।** पावन ग्राम गुजरा मे कोसरिया यादव समाज पाली बिरेतरा का वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम निषाद भवन गुजरा में बड़ी धूमधाम से मनाई गई,जिसमे बिरेतरा पाली के 9 ग्रामो गुजरा, बिरेतरा,डोमा, खमरिया,जुनवानी, दरीपार,अंगारा आदि गांव से बड़ी संख्या में यादव समाज के महिला, पुरुष एवं युवा वर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। सर्वप्रथम यादव समाज द्वारा श्री कृष्ण चंद्र भगवान की जयकारा लगाते, जय यादव-जय माधव के साथ शोभायात्रा और कलश यात्रा निकाली गई तत्पश्चात यादव समाज के आराध्य देव भगवान श्री कृष्ण चंद्र की पूजा अर्चना कर विधिवत कार्यक्रम के शुभारंभ की गई।

# एनएमडीसी ने अपनी ब्रांड एंबेसडर और विश्व चैंपियन निखत जरीन को किया सम्मानित



**हैदराबाद,6 अप्रैल।** एनएमडीसी ने अपनी ब्रांड एंबेसडर निकहत जरीन की 2023 आईबीए विश्वमुक्केबाजी चैम्पियनशिप में हाल ही में हुई जीत का जश्न हैदराबाद में आयोजित सम्मान समारोह में मनाया।समारोह में श्री अमिताभ मुखर्जी, एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार); श्री दिलीपकुमार मोहंती, निदेशक(उत्पादन), एनएमडीसी एवं श्री बी. विश?वनाथ, मुख्य सतर्कता अधिकारी,एनएमडीसी सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभागिता की।विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 26 साल की उम्र में लगातार दूसरा स्वर्ण जीतने वाली वह दूसरी भारतीय

मुक्केबाज हैं। अपने ब्रांड एंबेसडर की सराहना करते हुए एनएमडीसी ने कहा कि कंपनी को गर्व है कि उसकाप्रतिनिधित्व किसी ऐसे व्यक्तित्व द्वारा किया जा रहा है जो शक्ति का प्रतीक है और देश को सम्मान दिलानेके लिए एनएमडीसी के समान दृढ़ प्रतिबद्धता रखती हैं। निखत ज़रीन नए भारत की आशाओं औरआकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं और एनएमडीसी हांग्जो में एशियाई खेलों और पेरिस में 2024ओलंपिक के लिए उनकी यात्रा का समर्थन कर रहा है।वित्त वर्ष 2023 में एनएमडीसी ने लगातार दूसरे वित्त वर्ष 40 मिलियन टन लौह अयस्क उत्पादन को पारकर लिया है। एनएमडीसी लौह और इस्पात का पावरहाउस बनने के लिए कमर कस रहा है और कंपनी केएनएमडीसी 2.0 में परिवर्तित होने में इसकी ब्रांड एंबेसडर धैर्य और सक्रियता का संचार कर रही हैं। खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट के विज़न के अनुरूप, एनएमडीसी मैराथन, गेमिफाइड वॉकथॉन,स्पोर्ट्स टूर्नामेंट और योग का आयोजन करता है। निखत ज़रीन एनएमडीसी हैदराबाद मैराथन 2022 की भी ब्रांड एंबेसडर थीं। पिछले वर्ष, एनएमडीसी ने भारत में खेलों को बढ़ावा देने के लिए 6 करोड़ रुपये कायोगदान दिया और देश की आगामी खेल प्रतिभाओं में निवेश किया।इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा, ×ह्लह्वशह्ल; जब हमारीब्रांड एंबेसडर सुश्री निखत ज़रीन ने विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में अपना वर्चस्व कायम किया औरभारत के लिए स्वर्ण पदक जीता, हम गर्व का अनुभव कर रहे थे । एनएमडीसी की ओर से मैं उन्हें आगामीमैचों और ओलंपिक के प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

## समाचार संक्षेप

### समय सीमा में मूलभूत सुविधाओं और योजनाओं का क्रियान्वयन करें सुनिश्चित



**सुकमा 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । आदर्श ग्राम के रूप में चयनित ग्राम राजामुण्डा, केरलापाल और मराईगुड़ा (वन) में सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ की शासन की योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर श्री हरिस एस. ने समय-सीमा की बैठक में दिए। उन्होंने बेरोजगारी भत्ता के आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि भौतिक सत्यापन कार्य में देरी ना करें, सभी आवेदनों का नियमानुसार निराकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस संबंध में उन्होंने तहीसलदारों को निर्देशित करते हुए कहा की आय प्रमाण पत्र बनाने में देरी न करें साथ ही इस कार्य के लिए कार्यालय में आवश्यक सामग्री की उपलब्धता की सुनिश्चित करने कहा।

कलेक्टर ने 1 अप्रैल से प्रारंभ सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण कार्य में शिक्षा विभाग को सहभागिता निभाने कहा। वहीं आदिवासी विकास विभाग को वनाधिकार पट्टों के आवेदनों का निराकरण कर शेष ग्रामों में जल्द पट्टा वितरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। विभागों से मांग के आधार पर विभिन्न रंगों के पेंट उत्पादन करने कहा। वहीं गोठानों में उत्पादित वर्मी कम्पोस्ट का भण्डारण एवं विक्रय की समीक्षा कर वर्मी उत्पादन में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा जिले में संचालित मुख्यमंत्री सुपोषण केन्द्र में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर कुपोषित बच्चों को केन्द्र के सुविधाओं का लाभ देकर लाभांवित करने के निर्देश दिए। इस कार्य के लिए चिकित्सकों को सप्ताह में एक दिन केन्द्र में जाकर बच्चों की प्रगति प्रतिवेदन बनाने कहा। विगत दिवस कलेक्टर द्वारा छिन्दगढ़ विकासखण्ड के मुख्यमंत्री सुपोषण केन्द्र में संचालित गतिविधियों और व्यवस्थाओं निरीक्षण किया गया था।कलेक्टर ने जिले में प्रारंभ निर्माण कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने तथा अप्रारंभ कार्य को जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राजस्व प्रकरणों सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा और स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र निर्माण कार्य की स्थिति की समीक्षा की। इस अवसर पर एसडीएम सुकमा सुश्री प्रीति दुर्गम, एसडीएम कोण्टा श्री बनसिंह नेताम सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थिति थे।

### पॉक्सो एक्ट के बोशर का कलेक्टर ने किया विमोचन



**सुकमा 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कलेक्टर श्री हरिस. एस के अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य योजना के तहत जिला बाल कल्याण एवं सरंक्षण समिति एवं अन्य समितियों की जिला मुख्यालय के सभा कक्ष में संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री हरिस. एस ने मिशन वात्सलय योजना, बाल कन्याण समिति और किशोर न्याय बोर्ड सहित अन्य समिति की कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में बाल संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई।सखी वन स्टॉप सेंटर के अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष 2017 से 2023 तक कुल 789 प्रकरण दर्ज की गई है जिसमें से 776 प्रकरण निराकृत की जा चुकी है। साथ ही नवा बिहान के तहत प्रारंभ से अब तक 123 प्रकरण दर्ज है जिसमें से कुल 121 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। इस अवसर पर कलेक्टर ने लैंगिग अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) 2012 के बोशर का विमोचन किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री प्रवेश पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्री अजय मोड़ियाम, डीईओ श्री नितिन डड़सेना, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री बिस्मिता पाटले, जिला बाल संरक्षण ईकाई अधिकारी श्री जितेन्द्र बघेल और महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती प्रमिला सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने सर्वेक्षण कार्य में तेजी लाने दिए निर्देश



**सुकमा 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कलेक्टर श्री हरिस एस. ने 1 अप्रैल से प्रारंभ छत्तीसगढ़ सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण के संबंध में सर्वेक्षण कार्य में शामिल मैदानी अमलों की बैठक लेकर सर्वे कार्य को प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने सर्वे कार्य की अवांछित प्रतिफल पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी मैदानी अमलें जिले के सभी विकास खंड के प्रत्येक ग्राम में जाकर त्रुटि रहित सर्वे कार्य करें, कार्य में लापरवाही करने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। संवेदनशील क्षेत्रों में भी उन्होंने सर्वेक्षण के लिए मकानों का नंबरिंग, सर्वे की प्रक्रिया, मोबाइल एप, पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री एवं मैनुअल एंट्री के बारे में आवश्यक निर्देश दिए है। वहीं सर्वेक्षण कार्य की डाटा प्रतिदिन अपलोड करने कहा।

### ओसवाल भवन के रक्तदान शिविर में लोगों ने किया 18 यूनिट रक्तदान



**गीदम, 6 अप्रैल।** गीदम के ओसवाल भवन मे बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। यह आयोजन ओसवाल श्वेताम्बर जैन श्री संघ गीदम , समता युवा संघ गीदम एव जिला स्वास्थ्य समिति जिला अस्पताल दंतेवाडा द्वारा आचार्य श्री रमेश की जयंती के अवसर पर किया गया जिसमें बढचढ़ कर समाज के युवाओं व महिलाओ ने हिस्सा लिया । इस शिविर में कुल 18 यूनिट रक्तदान किया गया। साथ ही शिविर के माध्यम से लोगो को रक्तदान करने के फायदे के बारे में भी बताया गया। वही रक्तदान शिविर के बाद समाज की महिलाओ द्वारा गीदम अस्पताल में मरीजों को फल व बिस्कुट वितरण भी किया गया ।

# 31 सक्रिय भाजपा कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 6 अप्रैल।** बुधवार को उसूर ब्लॉक के ग्राम पंचायत मुरकीनार से 20 और भैरमगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत गुदमा से 11 कुल 31 सक्रिय भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा छोड़ कांग्रेस पार्टी का हाथ थाम लिया है भाजपा से कांग्रेस प्रवेश करने वालों में ग्राम गुदमा से सुदरू मिच्छा, चैतु मिच्छा, बलराम मिच्छा, प्रदीप मिच्छा, संजय मिच्छा, सुनील मिच्छा, सुरेंद्र मिच्छा, राजेश कुहरामी, संतोष मिच्छा, जगदीश मिच्छा और रमेश मिच्छा शामिल थे, वहीं ग्राम मुरकीनार से लक्ष्मण नाईक, रामदास नाईक, नारायण चालकी, सुभाष नाईक, बैसाकु चालकी, सीताराम नाईक, रामनाथ चालकी, महादेव साहनी, राहुल नाईक, ज़िलाराम नाईक, मनोज घरत, संदीप साहनी, रामलाल नाईक, गुलेश्वर कुपाल, रामसाय साहनी, गोलू यादव, चंद्रप्रकाश चालकी, निकिल घरत, मनीदेव नाईक और ललित माँझी आदि ने कांग्रेस की रीति नीति और प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गये है। सभी को कांग्रेस पार्टी में सदस्यता दिलाते हुए ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की रीति नीति और प्रदेश के मुख्यमंत्री आदरणीय भूपेश बघेल व बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी की सक्रियता और उनके द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर 31 सक्रिय भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किए है जिनका फूलमालाओं और कांग्रेस पार्टी का गमछा पहनाकर पार्टी में प्रवेश कर लिया गया है। इस दौरान बीजापुर के विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी, ज़िला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, ज़िला पंचायत सदस्य व पीसीसी सदस्य नीना रावतिया उद्दे, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, पीसीसी सदस्य जय कुमार नायर, पीसीसी सदस्य ज्योति कुमार, जनपद अध्यक्ष दशरथ कुंजाम, जनपद उपाध्यक्ष सहदेव नेगी, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर, वरिष्ठ पार्षद कलाम ख़ान, मनधर नाग, ज़िला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुनील उद्दे, पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य चापा सुरेंद्र, ज़िला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम खत्री, मीडिया प्रभारी राजेश जैन, बब्बू राठी, राजीव सिंह के अलावा अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तेंदूपत्ता भुगतान के लिए तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**बीजापुर,6 अप्रैल।** जिले के भैरमगढ़ क्षेत्र तेंदूपत्ता भुगतान लंबित मामले में इंद्रावती क्षेत्र के ग्रामीणों ने सैकड़ों की तादाद में आंदोलन कर अपनी तेंदूपत्ता ढुलाई उठाई के रकम नहीं मिलने के आरोप लगाते जिला प्रशासन की ओर से आंदोलन स्थल पहुंचे तहसीलदार को सौंपा था ज्ञापन। तब से यह मामला राजनीतिक गलियारों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर चालू हुआ पहले विधायक विक्रम शाह मंडावी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इनका 91लाख एक के खाते में आने के आरोप लगाते हुए विधायक ने पूर्व वन मंत्री को घेरा तो वहीं वन मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विधायक के बयान को भी लिया आड़े हाथ या मामला अब वन विभाग बीजापुर सामान्य के डीएफओ कार्यालय पूर्व वन मंत्री ने हाल ही में कार्यालय घेरते हुए विभाग और अधिकारी पर लगाए थे आरोप जिस पर आज वन मंडल अधिकारी अशोक पटेल की ओर से आया बयान जिसमें कहां गया कि इस वर्ष चुनावी वर्ष राजनीति पार्टियां अपने-अपने एजेंडा के हिसाब से कार्य कर रही है।इस संबंध कुछ कहना नहीं चाहता जो भैरमगढ़ क्षेत्र में तेंदूपत्ता भुगतान संबंधी जो बातें निकल कर आ रही है। इसमें मैं बताना चाहूंगा कि भैरमगढ़ वन समिति से शिकायत प्राप्त हो रही है और भुगतान विलंब संबंधित बातें आ रही है भैरमगढ़ समिति में 1300 मानक बोरा के विरुद्ध में लगभग 35 सौ 21 मानक बोरा जिसका भुगतान विभाग ने तत्काल पूर्ण कर दिया था। तेंदूपत्ता संग्रहण राशि फड में उल्टाई, पलटाई, पानी छिड़काव, तेंदूपत्ता बोरा में बराई उठाई ट्रैक्टर में लोडिंग अनलोडिंग परिवहन एवं कांट्रेक्टर परिवहन गोदाम का किराया यह सब पेमेंट ठेकेदार के द्वारा किया जाता है।

संभवतः या पूरा मामला ठेकेदार वह ग्रामीणों से संबंधित मामला है जो उनका मजदूरी दर है करना चाहिए था। इसमें मेरे द्वारा दूरभाष माध्यम ठेकेदार से चर्चा करने से बताया कि मैंने भुगतान कर दिया है और ग्रामीणों का कहना है कि भुगतान लंबित है। फिलहाल इन दोनों चीजों का मामला विभाग इसमें शामिल नहीं है फिर भी मानवता के लिए विभाग ठेकेदार व ग्रामीणों के बीच में समझाने की कोशिश कर रहा।विगत वर्ष से आज दिनांक तक किसी भी ग्रामीण इस बारे में जिनका भुगतान लंबित है। शिकायत लिखित में वन मंडल कार्यालय में नहीं दिया और कल दिनांक को राजनीतिक पार्टियां नारे लगा रहे थे कि हमने ज्ञापन दिया है, 10 दिन पहले चक्का जाम किया था । उस दिन ही स्पष्ट हुआ कि कोई भुगतान लंबित है आज दिनांक तक किसी हितग्राहीयों द्वारा कोई शिकायत लेकर बीजापुर वनमंडल में नहीं आये। अब मध्य में खड़ा व्यक्ति उनके खाते में पैसा आने की बात निकल कर आ रहा है 91लाख जांच का विषय पर लिखित में शिकायत कौन करेगा या सवालों के कटघरे में।

## समाचार संक्षेप

### सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण पूरी गंभीरता के साथ समय-सीमा में करे:कलेक्टर

**बीजापुर, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन कर सभी वर्गो को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के कार्यो में गति लाने पूरी गंभीरता के साथ फील्ड में कार्य करने सभी प्रगणक दलों को निर्देश जारी करने एवं कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं का निदान करने सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कार्य शतप्रतिशत हो इसके लिए ग्रामीणों में जागरुकता लाने, सर्वे का महत्व बताने एवं जिला अधिकारी की उपस्थिति में ग्राम सभा का आयोजन कर समयावधि में सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कराने सुपरवाईजरों को कार्यो की नियमित रिर्पोट लेने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा बेरोजगारी भत्ता प्रदान योजना के तहत् समस्त पंजीकृत एवं पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने, क्लस्टर-वार त्वरित सत्यापन करने सहित सभी पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने आवश्यक प्रचार प्रसार करने को कहा। शहरी एंव ग्रामीण क्षेत्रों में राजीव गांधी भूमीहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के क्रियान्वयन हेतु नवीन दिशा-निर्देश जारी किया गया है जिसके अंतर्गत नगर पंचायतों में भी योजना लागू हो गया है। नवीन आवेदन प्राप्त करने की तिथि 15 अप्रैल तक निर्धारित है। 01 अप्रैल 2023 की स्थिति मे पात्रता रखने वाले सभी आवेदकों की उक्त योजना से लाभान्वित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।विभिन्न योजनाओं से लाभ लेने आवेदकों द्वारा जरुरी दस्तावेजों की आवश्यकता होती है। जिसके लिए विभागीय अधिकारी जाति, निवास, आय सहित विभिन्न दस्तावेजों के आवेदनो को अनावश्यक विलंब न करते हुए तत्काल दस्तावेज उपलब्ध कराए, स्कूली छात्रों का जाति प्रमाण पत्र प्रदान करने में तेजी लाने को कहा, देवगुड़ी, मातागुड़ी के जीर्णोद्धार, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने सहित भवन हीन स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्रों की समीक्षा, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत् प्रदाय की जाने वाली पूरक पोषण आहार मलेरिया ,एनीमिया जांच, आयुष्मान कार्ड के बारे मे विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने अनावश्यक एवं अनाधिकृत स्थानों पर वाहन पार्किंग करने वालों पर कार्रवाई करने, मोबाईल मेडिकल यूनिट के द्वारा बेहतर सेवाएं प्रदान करने सभी आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में डीएफओ श्री अशोक पटेल, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सुमनराज, श्री पवन कुमार प्रेमी सहित जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारीगण, सभी अनुभाग के एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय के सीएमओ उपस्थित थे।



### देवताओं की विदाई के साथ चिकटराज मेला का समापन

**बीजापुर, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिला मुख्यालय सिथत प्रशिद्ध चिकटराज मेला मंगलवार को.पूरे पारंपारिक आदिवासी. रीति रिवाज अनुसार हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ तीन दिवसीय. इस मेले का समापन बुधवार को विभिन्न गांवों से आये देवी देवताओं की विदाई के साथ समाप्त हुआ खास बात यह है कि इस मेले मे बीजापुर के अलावा पडोसी राज्य महाराष्ट्र आंध्र प्रदेश व तेंलगाना के श्रद्धालुओं का अच्छा खासा आगमन होता है क्षेत्रीय आदिवासी वर्ग के लोग इस मेले का भरपूर आनंद उठाते हैं साथ ही मेले में लगी दुकानों से रोजमर्रा की चीजें भी खरीदते है बताते है। चिकटराज देवता सभी मन्नते पूरी करते हैं यहां आदिवासी परंपरा अनुसार बली देने की भी प्रथा है मेले का आकर्षण यह है कि यहां विभिन्न गांवों से आये देवी देवता सामूहिक रूप से नाच गा कर आस्था के प्रतीक. चिकटराज.देवता को प्रसन्न करते है मौसम के उतार चढाव के बीच चिकटराज मेला पूरे उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ मेला समिति और पुलिस प्रशासन के सहयोग से मेलाशांतिपूर्वक संपन्न हुआ।



### विभाग से किसी भी तरह का भुगतान लंबित नहीं है: अशोक

**बीजापुर, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डीएफओ एवं प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी यूनियन बीजापुर श्री अशोक कुमार पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि सीजन 2022 मे तेंदूपत्ता लाट क्रमांक 64 ब भैरमगढ़ के संग्राहकों का तेंदूपत्ता तोड़ाई व परिवहन की राशि विभाग द्वारा लंबित नही है ।परिवहन भुगतान के संबंध में श्री अशोक पटेल ने बताया कि तेंदूपत्ता अग्रिम क्रेता नियुक्त होने पर विभाग द्वारा हरा तेंदूपत्ता का संग्रहण कर क्रेता को परिदान दिया जाता है एवं संग्रहण पारिश्रमिक का भुगतान संबंधित समिति के माध्यम से संग्राहकों को किया जाता है ।तेंदूपत्ता लाट क्रमांक 64 ब भैरमगढ़ के संग्रहण सीजन 2022 के संग्रहित मात्रा 3521.180 मानक बोरा की राशि 400 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से कुल 01 करोड़ 40 लाख 84 हजार 720 रुपए का भुगतान संग्राहकों को किया जा चुका है ।तेंदूपत्ता अग्रिम क्रेता नियुक्त होने पर तेंदूपत्ता संग्रहण के पश्चात उपचारण ,परिवहन व भंडारण के समस्त कार्य अग्रिम नियुक्त क्रेता द्वारा किया जाता है एवं इसके व्यय की भुगतान की जिम्मेदारी क्रेता की होती है। विभाग से किसी भी तरह की राशि का भुगतान होना लंबित नहीं है संभवत: यह तेंदूपत्ता परिवहन का भुगतान लंबित होने का कारण ठेकेदार एवं स्थानीय वाहन मालिकों के आपसी लेन-देन का मामला है तेंदूपत्ता ठेकेदार एवं स्थानीय वाहन मालिकों के मध्य क्या बात-चीत हुई थी इस संबंध में विभाग को कोई जानकारी नहीं है।

### मेला में बीजादूतीर स्वयंसेवकों ने दी योजनाओं की जानकारी

**बीजापुर, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर के अराध्य देव चिकटराज का मेला मंगलवार को बीजापुर में आयोजित हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए विशाल जनसमुदाय को बीजादूतीर स्वयं सेवकों ने शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से अवगत कराया जिसमें मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मलेरिया एवं एनीमिया मुक्त बीजापुर, पोषण पुर्नवास केन्द्र में कुपोषित बच्चों को पोषण आहार प्रदाय कराने सहित स्वास्थ्य, शिक्षा सहित विभिन्न योजनाओं ने लाभान्वित होने, योजनाओं के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और लोगो को जागरुक किया। मेले में क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री विक्रम शाह मंडावी ने बीजादूतीर स्वयंसेवकों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन भी किया।



### कैंसर पीड़ित को रेडक्रास सोसायटी देगी 10 हजार रुपये की सहायता

**बीजापुर, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गोल्लागुड़ा निवासी कैंसर के मरीज श्री किष्टादी बापू को मुंह का कैंसर होने पर नागपुर के कैंसर अस्पताल में कीमोथैरिपी के माध्यम से ईलाज जारी है, किष्टादी सत्यावती जो कि मरीज की पत्नी है जिनके द्वारा सहायता राशि की मांग पर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देश पर जिला संगठक भारतीय रेडक्रास सोसायटी बीजापुर द्वारा 10 हजार की सहायता राशि प्रदाय किया गया।



## एक नजर

### दिव्यांग बच्चों को वितरण किया सहायक उपकरण



**महासमुंद।** विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक कार्यालय महासमुंद में दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकतानुरूप विभिन्न प्रकार के उपकरणों का वितरण किया गया। उपकरण वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग, लता सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश चंद्राकर, डीएमसी कमल नारायण चंद्राकर, एपीसी समावेशी शिक्षा डी. एन. जांगड़े, एपीसी विद्या साहू, एपीसी राजकुमार साहू, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, बीआरपी समावेशी शिक्षा अनिता निर्मलकर, करन सिंह सिसोदिया साइटसेवर्स समन्वयक द्वारा किया गया। उपस्थित अतिथियों के द्वारा सभी दिव्यांग बच्चों के पालकों को वितरित किए जाने वाले उपकरणों के रखरखाव संबंधी दिशा निर्देश भी प्रदान किए गए व साथ ही शासन की दिव्यांग बच्चों के प्रति सकारात्मक पहलू को भी पालकों के समक्ष प्रस्तुत किया। सभी लाभार्थी पूरे उत्साह व उमंग के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि की आसंदी से राशि त्रिभुवन महिलांग ने कहा कि शासन से मिलने वाली यह सहायक उपकरण सभी दिव्यांग बच्चों के बहुत ही काम का है इसका भरपूर लाभ उठाएं सभी बच्चे अपने आप को कभी कम न आंके। आज देश और दुनिया में दिव्यांगजन भी डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, संगीतकार, खिलाड़ी और अच्छे-अच्छे पदों में आसीन होकर अपना योगदान दे रहे हैं। खूब पढ़िए आगे पढ़िए अपना और देश का नाम रोशन कीजिए। अध्यक्षता कर रहे कमल नारायण चंद्राकर ने शासन की समावेशी शिक्षा की योजना को बताते हुए कहा की कोई भी विद्यार्थी दिव्यांगता के कारण पढ़ाई से वंचित न हो सभी को शिक्षा का अधिकार है। उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम को विद्या साहू, जागेश्वर सिन्हा, करण सिसोदिया, अनीता निर्मलकर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विभिन्न उपकरणों में 24 बच्चों को व्हील चेयर, 90 बच्चों को एम. आर. किट व चार्ट, प्री वोकेशनल किट, 30 बच्चों को बिहाइंड श्रवण यंत्र, 23 बच्चों को पॉकेट श्रवण यंत्र, 14 बच्चों को स्मार्टफोन (कक्षा 6 से 12 हेतु), टॉकिंग घड़ी 05, टॉकिंग कैलकुलेटर 5, स्टैंड मैग्नीफायर 5, बुक मैग्नीफायर 3, ब्रेल किट 15, फोल्डिंग केन 10, टॉकिंग थर्मामीटर 3, डेली लिविंग इंटरवेंशन किट 4 इत्यादि का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पवन साहू सीएसी, रेणु चंद्राकर, प्रवीण सोनकुंवर, केशव साहू, भुवनेश्वर साहू का भी विशेष योगदान रहा।

### आकाशीय बिजली गिरने से 7 मवेशियों की मौत

**बीजापुर ।** बुधवार की शाम अचानक तेज आंधी तुफान व बारिश के चलते बीजापुर से.लगे संतोषपुर गांव के नागुलपारा मे बिजली गिरने से सात मवेशियों की मौत हो गई है घटना के संम्बंध मे बीजापुर के तहसीलदार डी आर धुरव ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है पटवारी को गांव भेजा गया है जहां पी एम के बाद रिपोर्ट के.आधार पर समबन्धित मवेशी मालिक को मुआवजा दिया जायेगा

# मंत्रोच्चार के बीच श्री मारूति महायज्ञ के यजमान का कराया विभिन्न संस्कार

**महासमुंद।** श्री मारुति महायज्ञ के यजमान विनोद सेवनलाल चंद्राकर व उनके परिवार का महामाया मंदिर में प्रायश्चित संस्कार यज्ञाचार्य पंडित पंकज तिवारी ने विधिविधान से पूर्ण कराया। इस दौरान मंत्रोच्चार के बीच यजमान व उनके परिवार का मुंडन व जनेउ संस्कार के साथ ही दसविध स्नान की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। उत्साहवर्धन के लिए ढोल नगाड़े बजते रहे। बाद इसके महामाया मंदिर में पूजा अर्चना की गई। कल गुरूवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्री मारूति महायज्ञ का आगाज होगा।



छह अप्रैल से दादाबाड़ा में पंच दिवसीय श्री मारूति महायज्ञ आयोजित है। जिसके लिए आज बुधवार को यज्ञाचार्य पं पंकज तिवारी ने यजमान विनोद सेवनलाल चंद्राकर व उनके परिवार का विधि विधानपूर्वक विभिन्न संस्कार कराया। बाद इसके यज्ञ स्थल दादाबाडा से यजमान विनोद सेवनलाल चंद्राकर सपरिवार तथा श्री मारूति महायज्ञ आयोजन समिति के सदस्य साकरकर निवास पहुंचे जहां साकरकर परिवार के भूमिस्थल दादाबाडा में यज्ञ के लिए श्रीमती प्रभा भुवनेश्वर राव साकरकर, दीपक राव साकरकर व प्रकाश राव साकरकर से अनुमति की प्रक्रिया पूर्ण की। इस दौरान आयोजन समिति के संजय शर्मा, बाबूलाल साहू, राजेश नायक, दिलीप जैन, मूलचंद लड्ढा, बद्री लड्ढा, अजय थवाईत आदि मौजूद थे। गौरतलब है कि 6 अप्रैल को श्री हनुमान जी के जन्म उत्सव के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसे लेकर भी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कलश यात्रा दादाबाड़ा से निकलकर मुख्य मार्ग से होते यज्ञस्थल पर समाप्त होगी। इस दौरान जगह-जगह स्वागत की भी तैयारी है। कलश जल यात्रा में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। आज बुधवार को माताओं व बहनों द्वारा कलश श्रृंगार किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि तीन हजार से अधिक कलश की व्यवस्था की गई है।

### सात अप्रैल को पहुंचेंगे मुख्य प्रवर्चनकर्ता

श्री मारूति महायज्ञ में मप्र जावरा के बालयोगी श्री विष्णु अरोड़ा मुख्य प्रवचनकर्ता होंगे। बालयोगी श्री अरोड़ा सात अप्रैल की सुबह महासमुंद पहुंचेंगे। प्रतिदिन सुबह सात से 9 बजे तक पूजन, दस बजे से 12 बजे तक यज्ञ, दोपहर 12 बजे मध्यान्ह आरती, दोपहर दो बजे से चार बजे तक भजन कीर्तन, शाम चार बजे से साढ़े छह बजे तक प्रवचन व शाम सात बजे आरती का कार्यक्रम होगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि श्री मारुती महायज्ञ के समापन के दिन विश्राम यात्रा निकाली जाएगी।

# मारवाड़ी युवा मंच समाजसेवा में अग्रणी संस्था: मनीष कथुरिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**खरसिया,6 अप्रैल।** मारवाड़ी युवा मंच सक्ती की 2023-24 की कार्यकारिणी का गठन किया गया। लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बने मनीष कथुरिया ने नवीन कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी। संरक्षक हरिओम अग्रवाल ,कन्हैया गोयल, संजय रामचंद्र, महेंद्र जिंदल, प्रकाश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल बनाए गए हैं। वही राजकुमार अग्रवाल, रवि अग्रवाल ,अनुराग जिंदल, मानस अग्रवाल, शैलेश अग्रवाल विशेष आमंत्रित सदस्य रहेंगे। कार्यक्रम संयोजक की जिम्मेदारी सुधीर सराफ एवं मुकेश अग्रवाल को दी गई है। उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, सुमित शर्मा एवं सौरभ गर्ग बनाए गए हैं। सचिव पद की जवाबदारी सौरभ अग्रवाल को दी गई है। सहसचिव राकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, ऑक्सीजन सिलेंडर प्रभारी कैलाश अग्रवाल, स्वास्थ्य शिविर प्रभारी गजेंद्र डालमिया, रक्तदान संयोजक राजीव अग्रवाल, प्रमुख सलाहकार रितेश अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, आशीष खेतान, वही गौ सेवा संयोजक मयंक अग्रवाल, अमृतधारा संयोजक विशाल शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य सुमित अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, विकास अग्रवाल बनाए गए हैं। अध्यक्ष मनीष कथूरिया ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी रहने वाली संस्था है। हाल ही में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में ऑक्सीजन गैस सिलेंडर में बेहतरीन सेवा के क्षेत्र में मारवाड़ी युवा मंच को सम्मानित किया गया था।

### छात्रों के लिए जिले में नीट की कोचिंग से शुरू

**रायगढ़, 6 अप्रैल ।** प्रतियोगी परीक्षाओं में आज बड़े पैमाने पर बच्चे बैठ रहे हैं। सफलता के लिए तैयारी भी उसी अनुरुप जरूरी है। रायगढ़ जिले में मेडिकल के फील्ड में जाने की इच्छा रखने वाले बच्चों को तैयारी का मंच प्रदान करने जिला प्रशासन ने कोचिंग क्लासेस शुरू की हैं। इसके लिए देश के प्रसिद्ध कोचिंग संस्थान 'फिजिक्स वाला' से टाइअप किया गया है। ताकि यहां के बच्चे भी परीक्षा के लिए खुद को अच्छे से तैयार कर सकें और मेडिकल कॉलेजों में भर्ती के लिए आयोजित होने वाली नीट की परीक्षा में सफलता का परचम लहरा सकें। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के पहल और सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन पर रायगढ़ जिले के सभी विकासखंडों में नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट) परीक्षा की तैयारी के लिए क्लासेज शुरू की गयी हैं। कक्षाएं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में 5 अप्रैल से लगनी शुरू हो गईं हैं। जो अगले 2 माह तक लगेंगी। इस संबंध में कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि जिले के प्रतिभाशाली छात्रों को स्थानीय स्तर पर तैयारी का एक अच्छा माहौल प्रदान करने का प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में यह क्लासेज शुरू की गई हैं।

# आयोग ने निपटाया 13 वर्ष पुराना मामला, 15 लाख रुपये आवेदिका को दिलाने का दिया निर्देश

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में महिलाओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए जनसुनवाई की। इस मौके पर सदस्य डॉ. अनिता रावटे एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री समीर पांडेय सहित जिला प्रशासन के संबंधित अधिकारी थे। छत्तीसगढ़ महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज 165 वीं जन सुनवाई हुई। आज की जनसुनवाई में कुल 38 प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गये थे।जन सुनवाई के दौरान दहेज प्रताड़ना के प्रकरण में दोनो पक्षो को सुना गया एवं समझाईश दिया गया तथा 'सखी' सेंटर की कांउन्सलर श्रीमती जागेश्वरी सोनवानी ने कांउसिलिंग किया एवं दोनों पक्ष 15 दिन पश्चात एक साथ गांव में रहने को तैयार हुए। इस प्रकरण को श्रीमती रावटे को कहा गया कि दोनो पक्षों को एक साथ रहने की समझाईश दें और उनके समक्ष सखी सेंटर की कांउन्सलर श्रीमती जागेश्वरी सोनवानी को स्टाम्प पेपर में दोनो पक्षों की शर्तो को लिख कर एक वर्ष तक निगरानी करने के निर्देश दिए गए।इसी प्रकार एक अन्य मानसिक प्रताड़ना के प्रकरण में दोनो पक्षो को सुना गया। आवेदिका का कथन है कि नया मकान बनाने के लिये वर्ष 2010 में अनावेदक पक्ष को आवेदिका को 35 लाख रू देना था। जिसमें से आवेदिका को वर्ष 2010 में 25 लाख रू मिल गया है, 10 लाख रू नहीं मिला है। उक्त राशि 10 लाख रू न्यूनतम बैंक ब्याज की राशि के साथ आवेदिका द्वारा मांग की गयी है। अनावेदक 10 लाख रू अवेदिका को देने को तैयार है। दोनो पक्षो को समझाईश देने के पश्चात अनावेदक गण मकान के कब्जे के बदले आवेदिका पक्ष को 15 लाख रू देगें। इस मामले में थाना प्रभारी पिथौरा एवं सदस्य श्रीमती अनिता रावटे के समक्ष में दो पक्ष एक माह के अंदर 15 लाख रूपये देने और लेने की तिथि थाना प्रभारी पिथौरा को अवगत कराते हुए पैसे एवं कब्जे का आदान-प्रदान करेंगें एवं आवेदिका की सामग्री को भी दिलवायेगें।एक अन्य सामाजिक बहिष्कार के मामले में उभय पक्ष उपस्थित रहे। अनावेदक पक्ष के द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा कभी भी आवेदिका पक्ष पर कभी भी कोई रोक नहीं लगाई गई एवं गांव में सभी को उनके साथ सामान्य व्यवहार करने के लिये पूरी छूट है। आवेदिका पक्ष के द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा 35 हजार रू कुमार साहू को दिया गया था एवं कुमार साहू द्वारा गांव में दिया गया है। आवेदन में कुमार साहू का उल्लेख नहीं किया गया हैं इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। अनावेदक गण को निर्देश दिया गया कि आवेदिका पक्ष के साथ भविष्य में कोई भी सामाजिक बहिष्कार नहीं किया जावे यदि ऐसा नहीं किया जाता हैं तो आवेदिका पुनः आयोग में शिकायत कर सकती है।एक अन्य मानसिक प्रताड़ना के प्रकरण में, उभय पक्ष उपस्थित रहे दोनों की चार बेटियां हैं जिसमें से 2 बेटियां आवेदक एवं 2 बेटियां अवेदिका के पास है। सुलह की कोई संभावना नहीं है। अनावेदक को 90 हजार रू वेतन मिलता है जिसमें से 25-30 हजार रू वह आवेदिका के बैंक खाते में जमा कराता है दोनो के बीच संबध विच्छेद का प्रकरण न्यायालय में चल रहा है। अतः कार्यवाही न्यायालयीन प्रकरण होने के कारण सूनवाई आयोग में नहीं किया जा सकता है।एक अन्य प्रकरण में, उभय पक्ष उपस्थित रहे आवेदिका ने सम्पत्ति में अपना नाम चढाये जाने हेतु अपना आवेदन प्रस्तुत किया था जिस पर पुलिस प्रतिवेदन प्राप्त हुया जिसके बारे में आवेदिका को समझाईश दिया गया एवं आवेदिका को पुलिस प्रतिवेदन की प्रतिलिपि दिया गया जिसमें यह दर्शाया गया है कि आवेदिका का नाम राजस्व अभिलेख में चढ़ा दिया गया है एवं वह पुलिस प्रतिवेदन की सत्यता जांच कर सके एवं असत्य पाये जाने पर वह मा. श्रीमती अनिता रावटे, सदस्य महिला आयोग को जानकारी दे सकती है।इसी प्रकार पारिवारिक विवाद के प्रकरण में उभय पक्ष उपस्थित रहे अवेदिका ने अनावेदक के विरूद्ध शिकायत दर्ज कराई गई की उसकी बुढ़ी सास के द्वारा बचाने की आवाज आई थी, आवेदिका द्वारा बचाने जाने पर उसकी अनावेदक के साथ झड़प हो गई।



**एक नजर**

### थाना परिसर में हनुमान और भोलेनाथ की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई

**डोंगरगढ़, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस थाना परिसर में हनुमान जी महाराज और भगवान भोलेनाथ की मंदिर का निर्माण कर मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा 5 अप्रेल को की जाएगी! भारत में लगभग सभी थानों के अंदर हनुमान जी की मंदिर का होना पाया जाता है इसके पीछे का कारण हनुमान जी कष्ट निवारण के रूप में पूरे विश्व में विख्यात हैं थाने में आने वाले प्रार्थी सदैव किसी ना किसी कष्ट के चलते थाने पहुंचकर पुलिस वालों से अपने कष्टों का निवारण करवाते हैं जो कष्टों का निवारण करते हैं वह हनुमान जी के रूप में जाने जाते हैं यही कारण है जिसके चलते भारत के लगभग थानों में हनुमान जी की मंदिरों का होना पाया जाता है। धर्म नगरी के थाने में अपने उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर थाना परिवार के द्वारा हनुमान जी की मंदिर का निर्माण कराया गया है जिसमें हनुमान जी के साथ भगवान भोलेनाथ की मूर्ति स्थापित की जाएगी। 5 तारीख के सुबह 10:00 बजे से हनुमान जी महाराज और भगवान शंकर की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है भगवान की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में पुलिस परिवार के साथ साथ पत्रकार वरिष्ठ नागरिक गणमान्य नागरिक और धर्म नगरी की आम जनता मौजूद रहेंगे 6 तारीख दिन गुरुवार को सुबह भगवान भोलेनाथ और हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना कर दोपहर को भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमें डोंगरगढ़ पुलिस परिवार के साथ-साथ पत्रकार गण गणमान्य वरिष्ठ नागरिको को सादर आमंत्रण दिया गया है।

### संकट मोचन मंदिर में भंडारा आयोजित



**तिल्दा नेवरा, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गांधी चौक नेवरा स्थित बजरंग बली मंदिर सहित संकट मोचन मंदिर नेवरा में हनुमान जयंती को लेकर मंदिरों में भजन कीर्तन चल रहा है संकट मोचन मंदिर में अखंड रामायण का आयोजन किया गया है वही जगनाथ मंदिर में 6 अप्रैल को भंडारे का आयोजन किया गया है शनिचर मंदिर स्थित हनुमान मंदिर सहित अनेक स्थानों पर हनुमान मंदिरों को सजाया गया है। नगर में हनुमान जयति की त्यारिया जोरो पर है गांव गांव में भी जयंती की तायरिया जोरो पर है।

### हनुमान जयंती पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़



**तिल्दा नेवरा, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा नेवरा में हनुमान की जयंती पर भक्त मंदिरो में सुबह से पूजा अर्चना कर हवन पूजन कर भजन कीर्तन में दिख रहे थे। हनुमान मंदिरों में अनेक स्थानों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया है।

# शराब के नशे में धुत होकर स्कूल आया शिक्षक, शिक्षा विभाग ने की कार्रवाई

## सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग आया हरकत में, पूर्व में भी शिक्षक पर विभाग कर चुका है कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला, 6 अप्रैल।** ब्लाक के प्राथमिक शाला में मोहभट्ठा में पदस्थ सहायक शिक्षक बलराम कोरेटी पर शिक्षा विभाग ने कार्यवाही की है, शोशल मीडिया में वायरल वीडियो पर नशे की हालत में स्कूल की कुर्सी में सोया पाया गया साथ ग्रामीणों से बात करने की स्थिति में भी नही था, शिक्षा विभाग को उक्त शिक्षक की शिकायत मिलते ही शिक्षा विभाग ने तत्काल कार्यवाही शुरू की। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहला राजेंद्र कुमार देवांगन ने बताया कि ग्रामीणों के माध्यम से शिक्षक द्वारा शराब सेवन कर शाला आने की खबर लगते ही मौके पर संकुल प्राचार्य और संकुल समन्वयक को भेजकर पंचनामा तैयार किया गया। इस शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करते हुए प्रतिवेदन उच्च कार्यालय को भेजकर निलंबन की कार्यवाही की जा रही है। विभाग ने सभी शिक्षकों को कड़ी चेतावनी दी है कि इस प्रकार की शिकायत पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। बच्चों के भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**पूर्व में भी हो चुकी है कार्यवाही**

विकास खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार देवांगन मोहला ने बताया कि बलराम कोरेटी आदतन लापरवाह शिक्षक है, जिसके विरुद्ध पूर्व में भी वेतन वृद्धि रोकने तथा वेतन काटने की कार्यवाही की जा चुकी है तथापि उसके कार्यों में सुधार ना होने से आगे और भी कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जाएगा। ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नही किया जाएगा



# बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं में भरा जोश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी, 6 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी सिहावा विधानसभा की बैठक संपन्न हुई, जिसमें भाजपा जिला प्रभारी नीलू शर्मा ने कहा कि 4 अप्रैल से 14 अप्रैल तक संगठन के विविध कार्यक्रम सफलता पूर्वक करना है। सभी मंडल अध्यक्ष से मंडल में किए बूथ विस्तार की जानकारी ली एवं जो कार्य अधूरा है उसे 2 दिन में पूर्ण करने का निर्देश दिया और 6 अप्रैल को स्थापना दिवस, 11 अप्रैल को ज्योतिबा फुले जयंती एवं 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती को पूरे जोश के साथ मनाने का आग्रह किया।

जिला सह प्रभारी हलधर साहू ने कहा कि मन की बात का 100 वां एपिसोड सबसे महत्वपूर्ण है जिसे हर बूथ में एक एक जगह 100 की संख्या में सुनी जाएगी। जिला अध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने कहा- भारतीय जनता पार्टी सिर्फ सत्ता प्राप्त करने वाली पार्टी नही है बल्कि सबका साथ सबका विकास करने वाली पार्टी है। जब तक हम बूथ नहीं जीतेंगे हमारी लीडरशिप का कोई मतलब नहीं।

कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री पिंकी शिवराज शाह, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, जिला महामंत्री प्रकाश बैस, अरविंदर मुंडी, रविशंकर दुबे, विकल गुप्ता, राजेंद्र गोलछा, प्रेमलता नागवंशी, महेंद्र नेताम, खूबलाल ध्रुव, अनिता ध्रुव, दिनेश्वरी नेताम, वामन साहू अकबर कश्यप, मोहन नाहटा, आराधना शुक्ला, नागेंद्र शुक्ला, कमल डागा, डॉ के एस सांडिल्य, रामगोपाल साहू, हुमित लिमजा, राजाराम मंडावी, महेश गोटा, राकेश चौबे, राजेश गोसाई, मोहन पुजारी, मनोहर मानिकपुर, संजय सांडिल्य, अजय यादव, बंसीलाल सोरी, शैलेंद्र धेनुसेवक, मोहन पुजारी, राजेंद्र नायर, राजू पटेल, दिव्येन्द्र परिहार, गुरुप्रसाद साहू, प्रतिमा देवांगन, रामेश्वरी साहू, प्रीति यदु, चंद्रकला साहू, बबीता साहू, रितु साहू, ईश्वरी नेताम, सत्यवती नेताम, सती मरकाम, गनेशिया मरकाम, अंचला यदु चेलेश्वरी साहू, शशि ध्रुव, अजय नाहटा, महेश साहू, उमेश साहू, संजय शांडिल्य, मौर्य ध्वज सेन, कलम सिंह पवार, नागेन्द्र बोरझा, दुर्गेश साहू नरसिंह मरकाम गिरवर भंडारी यशकरण पटेल, चित्रांस नागवंशी, बलजीत छाबड़ा, नीलम साहू, करन सेन, राजेश कोर्राम, रामसिंह मरकाम, नारद साहू, गिरवर भंडारी, अरुण प्रजापति, नेमसिंह साहू, बल्लू सेन, महेंद्र सिन्हा सुनील निर्मलकर यशवंत साहू नरसिंह मरकाम रमेश साहू अजय ध्रुव, सहित विधानसभा के सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बेरोजगारी भत्ता के लिए नपा को 24 आवेदन प्राप्त

**डोंगरगढ, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा विगत 1 अप्रैल 2023 को प्रदेश में बेरोजगारी भत्ता योजना का शुभारंभ किया गया। इस योजना के तहत प्रदेश के 12 वीं पास युवाओं को प्रतिमाह 2500 रु देने का प्रावधान है उक्त योजना के तहत नगर स्थानीय पालिका परिसर को 1 अप्रैल से 5 अप्रैल के बीच लगभग 24 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनका सत्यापन कार्य जारी बताया जा रहा है। उक्तशय की जानकारी देते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रमोद शुक्ला ने बताया कि शासन के आदेशानुसार जिला कलेक्टर डोमन सिंह के निर्देश व अनुविभागिय अधिकारी राजस्व गिरीश रामटेके के मार्गदर्शन में नगर पालिका की टीम द्वारा युवाओं को इस योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है जिसके चलते पात्र युवा शासन के गाइडलाइन के अनुसार छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो, आयु 1 अप्रैल 2023 को 18 वर्ष का हो, 12 वीं परीक्षा उत्तीर्ण हो और परिवार की आय लगभग 2 .50 लाख रुपए से अधिक न हो ऐसे पात्र हितग्राहियों युवाओं को इस योजना का लाभ देने का प्रावधान है मुख्य नगर पालिका अधिकारी शुक्ला ने आगे बताया कि नगर पालिका द्वारा इस योजना के क्रियान्वयन हेतु शहर के 24 वार्डों में 6 क्लस्टर बनाए गए हैं आवेदन के सत्यापन हेतु प्रत्येक वार्ड में 4 द्व4 कर्मी नियुक्त किए गए हैं।

### कर्मा जयंती पर निकली कलश यात्रा



**दल्लीराजहरा, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रविवार को परिक्षेत्र साहू समाज कुसुमकसा मे कर्मा महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें परिक्षेत्र के 12 गांव के साहू समाज समस्त सदस्य उपस्थित हो कर शोभा यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दोपहर को मुख्यअतिथि का आगमन के साथ स्वागत पश्चात माता कर्मा की मुर्ती स्थापना कर मंचासीन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाजिक विकास, सुधार व अन्य गतिविधियों पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिथलेश नुरेटी जिला पंचायत उपध्यक्ष बालोद, संजय बैस जनपद सदस्य डौण्डी, जितेन्द्र साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद, युवाराज साहू तहसिल साहू संघ दल्ली राजहरा, अंजलि साहू, हिन्छा राम साहू, सत्यवती साहू, मिथलेश साहू , अध्यक्ष टिकेन्द्र साहू परिक्षेत्र साहू समाज, उपाध्यक्ष गौरी शंकर साहू, प्रहलाद साहू, गौतम साहू, देवशरण साहू, सजिवन साहू, केशव साहू, तेजराम साहू, कुशल साहू, खोमन साहू बलवंत साहू सहित ग्राम गिधाली, बिटाल, धुरवाटोला, अरमुरकसा,

# ग्राम पटेल संघ ने वेतन वृद्धि पर सीएम का जताया आभार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 6 अप्रैल।** स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण में ग्राम पटेल संघ द्वारा सोमवार को बैठक रखी गई। उक्त बैठक में पटेल संघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का वेतन वृद्धि किए जाने पर संघ ने आभार व्यक्त किया है इसी प्रकार संघ ने बैठक के माध्यम से डोंगरगढ़ ब्लॉक में मुख्यमंत्री कार्यक्रम को लेकर भी रूपरेखा तैयार कर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का संघ के माध्यम से सम्मान करने के लिए सर्व समिति से सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने अपनी सहमति जाहिर की है ज्ञात हो कि विगत 6 मार्च 2023 को मुख्यमंत्री द्वारा बजट सत्र के दौरान प्रदेश के सभी ग्राम पटेल की वेतन वृद्धि करने की घोषणा की गई थी जिसके बाद समूचे पटेल संघ में खुशी देखने को मिलीसं। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि सोमवार को हुई संघ की बैठक में मुख्य रूप विषय प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 6 मार्च को बजट सत्र के दौरान प्रदेश के सभी ग्राम पटेल पटेल के प्रतिमाह 3000 रू वेतन किए जाने की घोषणा की गई थी जिसके बाद प्रदेश के सभी ग्राम पटेलो में हर्ष व्याप्त है इसी के चलते डोंगरगढ़ ब्लॉक पटेल संघ द्वारा जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कर ब्लॉक में भव्य सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित करने की रूपरेखा तैयार की जा रही है इस अवसर पर कृष्ण कुमार पटेल मदन मोहन माधोलाल देवदास ईश्वर सेंघर ट्केश्वर राम जीवन कौशल सुखचंद साहू सहित संघ के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक में संघ के अन्य विषयों पर भी विस्तार से चर्चा सदस्यों द्वारा की गई।

**समाचार संक्षेप**



**तिल्दा नेवरा, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राहुल गांधी की सदस्यता को समाप्त किए जाने के विरोध में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जिला शहर के द्वारा विशाल मशाल जुलूस प्रदर्शन कांग्रेस भवन से गांधी चौक तक किया गया जिसमें सभी वरिष्ठ नेता और काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

### जगनीक बने छग झेरिया यादव समाज के प्रदेशअध्यक्ष



**भाटापारा, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश समिति के निर्वाचन में जगनीक यादव के नेतृत्व वाले प्रगति पेनल के सभी प्रत्याशियों ने प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करने में सफल हुए। चौथी बार प्रदेश अध्यक्ष बने जगनीक यादव? ।संस्था के निर्वाचन में 60त्न से अधिक सदस्यों ने मतदान में भाग लिए। 6962 प्रतिनिधि पदाधिकारी सदस्यों में 4465 सदस्यों ने अपने मत का प्रयोग किए जिसमें प्रगति पेनल के प्रत्याशियों को प्राप्त अधिकतम मत इस प्रकार है, अध्यक्ष जगनीक यादव 2875, गणेश गौसेवक 1290, जगनीक यादव 1585 मतों से विजयी उपाध्यक्ष भगत सिंह यादव 2285, अनुप कुमार यादव 706, सुरेन्द्र यादव 689 भगत सिंह यादव 1579 मतों से विजयी सचिव सुंदर लाल यादव 2847, किशोर यादव 1284 सुंदर लाल यादव 1563 मतों से विजयी कोषाध्यक्ष जी.आर यादव 2862, घनश्याम यादव 1332, जी आर यादव 1530 मतों से विजयी, संयुक्त सचिव मनोज यादव 2898 देवीचरण यादव 1262 मनोज यादव 1636 मतों से विजयी सदस्य आर डी यादव 2157 रंजीत यादव 1872 पारस यादव 1516 आशीष यादव 1084 रमैय्या यादव 782 आर डी यादव रंजीत यादव अधिकतम मत प्राप्त कर विजयी हुए

### हर्षोलास के साथ मनाई गई महावीर जयंती



**डोंगरगढ़, 6 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डोंगरगढ़ में दिनांक 3 अप्रैल 2023 दिन सोमवार को सकल जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी की जयंती हर्षोलास के साथ मनाई गई। दिगंबर जैन समाज द्वारा 3 दिन पूर्व से प्रति दिन प्रात: 5:30 बजे से प्रभात फेरी निकाली गयी एवं शाम को मंदिर में महा आरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमे डोंगरगढ़ के प्रसिद्ध संगीतकार निखिल जैन ने अपने भजनो से सभी साधर्मियों को मंत्रमुग्द कर दिया और महावीर जयंती के उपलक्ष्य में प्रात: 10 बजे दिगंबर जैन मंदिर से भगवान की शोभा यात्रा निकाली गयी जिसमे भगवान महावीर स्वामी को चांदी से निर्मित ऊँच सिहासन में विराजमान कर नगर में शोभा यात्रा निकाली गयी जिसमे संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद से संचालित विभिन्न कार्य को चलित झाँकी द्वारा दर्शाया गया और गाजे - बाजे, भजन, नृत्य, रंगोली, आरती आदि द्वारा भगवान की शोभा यात्रा का माहौल बहुत हर्षपूर्ण एवं भक्तिमय हो गया। तत् पश्चात भगवान का अभिषेक, शांति धारा, आरती, पूजा की गयी। तत पश्चात बुटी बाडा में सकल जैन समाज द्वारा सामूहिक भोजन किया गया। महावीर जयंती के उपलक्ष्य में शहर में जगह - जगह लोगो को शरबत, छाज, भोजन आदि बाँटी गयी। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल कुमार जैन, कोषाध्यक्ष जे. के. जैन, सचिव यतिष कुमार जैन एवं युवा भाई निखिल, दिपेश, सारांश की विशेष भूमिका रही। उक्त जानकारी निशांत जैन (नीशु) ने दी है।

**निधन**

### प्रभा वर्मा



**रायपुर।** सेवानिवृत्ति शिक्षिका श्रीमती प्रभा वर्मा (83) पति स्व. वी के वर्मा, विनोबा नगर, बिलासपुर निवासी का 5 अप्रैल को निधन हुआ। जिनका अंतिम संस्कार महादेवघाट, रायपुर मोक्षधाम में 6 अप्रैल, गुरुवार दोपहर में किया गया। वे शिव, संजीव, प्रवीण, सीरिष और शुभ्रा की माताजी थीं।

**हनुमान जयंती पर विशेष**

# सांसारिक जीवन के सभी कष्टों को हरते हैं वीर हनुमान

रामायण बाल्मिक रामायण अन्य ग्रंथों से श्री हनुमान जी को मृत्यु के विषय में दिखाया श्री राम ने भगवान राम जानते थे कि उनकी मृत्यु का समय हो गया है। वह जानते थे कि जो जन्म लेता है उसे मरना ही पड़ता है। यही जीवन चक्र है। और मनुष्य देह की सीमा और विवशता भी यही है। उन्होंने कहा... यम को मुझ तक आने दो। बैकुंठ धाम जाने का समय अब आ गया है।

मृत्यु के देवता यम स्वयं अयोध्या में घुसने से डरते थे। क्योंकि उनको राम के परम भक्त और उनके महल के मुख्य प्रहरी हनुमान से भय लगता था। उन्हें पता था कि हनुमानजी के रहते यह सब आसान नहीं। भगवान श्रीराम इस बात को अच्छी तरह से समझ गए थे कि, उनकी मृत्यु को अंजनी पुत्र कभी स्वीकार नहीं कर पाएंगे, और वो रौद्र रूप में आ गए, तो समस्त धरती कांप उठेगी। उन्होंने सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्मा से इस विषय मे बात की। और अपने मृत्यु के सत्य से अवगत कराने के लिए राम जी ने अपनी अंगूठी को महल के फर्श के एक छेद में से गिरा दिया! और हनुमान से इसे खोजकर लाने के लिए कहा। हनुमान ने स्वयं का स्वरुप छोटा करते हुए बिल्कुल भंवरे जैसा आकार बना लिया... और अंगूठी को तलाशने के लिये उस छोटे से छेद में प्रवेश कर गए। वह छेद केवल छेद नहीं था, बल्कि एक सुरंग का रास्ता था, जो पाताल लोक के नाग लोक तक जाता था। हनुमान नागों के राजा वासुकी से मिले और अपने आने का कारण बताया। वासुकी हनुमान को नाग लोक के मध्य में ले गए, जहाँ पर ढेर सारी अंगूठियों का ढेर लगा था। वहां पर अंगूठियों का जैसे पहाड़ लगा हुआ था। यहां देखिए, आपको श्री रामकी अंगूठी अवश्य ही मिल जाएगी वासुकी ने कहा।

हनुमानजी सोच में पड़ गए कि वो कैसे उसे ढूंढ पाएंगे? यह भूसे में सुई ढूंढने जैसा था। लेकिन उन्हें राम जी की आज्ञा का पालन करना ही था। तो राम जी का नाम लेकर उन्होंने अंगूठी को ढूंढना शुरू किया।



सौभाग्य कहें या राम जी का आशीर्वाद या कहें हनुमान जी की भक्ति... उन्होंने जो पहली अंगूठी उठाई, वो राम जी की ही अंगूठी थी। उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। वो अंगूठी लेकर जाने को हुए, तब उन्हें सामने दिख रही एक और अंगूठी जानी पहचानी सी लगी।

पास जाकर देखा तो वे आश्चर्य से भर गए! दूसरी भी अंगूठी जो उन्होंने उठाई वो भी राम जी की ही अंगूठी थी। इसके बाद तो वो एक के बाद एक अंगूठीयाँ उठाते गए, और हर अंगूठी श्री राम की ही निकलती रही। उनकी आँखों से अश्रु धारा फूट पड़ी!

वासुकी यह प्रभु की कैसी माया है? यह क्या हो रहा है? प्रभु क्या चाहते हैं?' वासुकी मुस्कुराए और बोले, जिस संसार में हम रहते है, वो सृष्टि व विनाश के चक्र से गुजरती है। जो निश्चित है। जो अवश्यम्भावी है। इस संसार के प्रत्येक सृष्टि चक्र को एक कल्प कहा जाता है। हर कल्प के चार युग या चार भाग होते हैं। हर बार कल्प के दूसरे युग मे अर्थात त्रेता युग में, राम अयोध्या में जन्म लेते हैं। एक वानर इस अंगूठी का पीछा करता है... यहाँ आता है और हर बार पृथ्वी पर राम मृत्यु को प्राप्त होते हैं। इसलिए यह सैकड़ों हजारों कल्पों से चली आ रही अंगूठियों का ढेर है। सभी अंगूठियां वास्तविक हैं। सभी श्री राम की ही है। अंगूठियां गिरती रहीं है... और इनका ढेर बड़ा होता रहा।

भविष्य के रामों की अंगूठियों के लिए भी यहां पर्याप्त स्थान है। हनुमान एकदम शांत हो गए। और तुरन्त समझ गए कि, उनका नाग लोक में प्रवेश और अंगूठियों के पर्वत से साक्षात्कार कोई आकस्मिक घटी घटना नहीं थी। बल्कि यह प्रभु राम का उनको समझाने का मार्ग था कि, मृत्यु को आने से रोका नहीं जा सकता। राम मृत्यु को प्राप्त होंगे ही। पर राम वापस आएंगे... यह सब फिर दोहराया जाएगा। यही सृष्टि का नियम है, हम सभी बंधे हैं इस नियम से। संसार समाप्त होगा। लेकिन हमेशा की तरह, संसार पुनः बनता है और राम भी पुनः जन्म लेंगे।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक :**
**202303092200089/202303092200089**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:-2022-2023

जटकन्हार प.ह.न. 00020 [ हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार -फिरोज निर्मलकर
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक फिरोज पिता मुरारीलाल निर्मलकर जाति निर्मलकर निवासी ग्राम जटकन्हार तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक फिरोज पिता मुरारीलाल निर्मलकर जाति निर्मलकर का जन्म दिनांक 24.05.1990 को ग्राम जटकन्हार में हुआ है। अत: आवेदक फिरोज पिता मुरारीलाल निर्मलकर जाति निर्मलकर निवासी ग्राम जटकन्हार तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा स्वंय (फिरोज) का जन्म प्रमाण-पत्र प्रदान किये जाने हेतू निवेदन किया गया है। अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 12.04.2023 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/03/2023 को जारी किया जाता है।

(मुहर) तहसीलदार डोंगरगढ़



**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रमांक/ / /2022-2023
रायपुर, दिनांक 28/3/2023
ग्राम गुढ़ियारी, प.ह.न.49,
तहसील व जिला रायपुर,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बसंत चक्रधारी राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सदस्य छ.ग. माटीकला बोर्ड जिला रायपुर का पत्र संलग्न है। आवेदन पत्र के साथ संलग्न खसरा पांचसाला के अनुसार ग्राम गुढ़ियारी प.ह.नं. 49, खसरा नंबर 963/2 शामिल 965 शामिल (घांस) रकबा 0.219 हे. शासकीय भूमि को सामाजिक उत्सव शिक्षण तथा सामाजिक गतिविधियों के लिए सामाजिक भवन निर्माण के लिए कुम्हार समाज के राष्ट्रीय संगठन भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाईजेशन के नाम पर उक्त भूमि का आबंटन करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो जांच प्रतिवेदन इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 27/4/2023 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) नायब तहसीलदार रायपुर ( छ.ग. )



**NOTICE**

The general public is hereby informed that M/s. Bholenath Rice Industries, Vill- Mudkhusra, Tah- Gurur, Distt- Balod (C.G.) is a partnership firm which was reconstituted on 01-04-2023 due to 1) Shri Gunjan Jain S/o Shri Laxmi Lal Jain Join the Firm and due to retirement the partner. 1) Shri Rajesh kumar Parekh S/o Shri Chunni lal Parekh by virtue of deed of retirement executed amongst themselves on 01-04-2023 The retiring partner unanimously agreed to leave the above mentioned factory property in favor of my clients, the continuing partners 1) Smt Preeti Devi Jain W/o Shri Vikas Jain & 2) Smt Shanti Devi Jain W/o Shri Ashok Jain to hold the same absolutely forever together with the all rights, title, lien, easements, advantages and appurtenances etc., without any further claim and interference from them or by any person or persons under them for the corresponding eligible consideration received them. By this notice my clients Smt Preeti Devi Jain, Smt Shanti Devi Jain & Gunjan Jain informs the public in general that, they are both partners of M/s Bholenath Rice Industries, Vill- Mudkhusra, Tah- Gurur, Distt- Balod (C.G.) and who are having any transactions with above said firm now and in further they should contact my clients Smt Preeti Devi Jain, Smt Shanti Devi Jain, Shri Gunjan Jain & Shri Rajesh kumar Parekh.

Sd/-
Advocate
Lokesh Kumar Chopra,
Mangal Bhawan Road,
Gole Bazar, Dhamtari (C.G.)




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23